RNI NO.: MAHHIN/2020/79135

# हिंद समर्थन

HIND SAMARTHAN

Mumbai | Vol:4 | Issue: 05 | 7 September To 13 September 2025 | Hindi Weekly | Editor : Uzma Shakil Khan | Page : 6 | Price 5 Rupees



# पंजाब में बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद के लिए जामिया रहमत से रवाना हुआ सामान

संवाददाता

**सहारनपुरः** पंजाब में आई बाढ़ से जो लोग पीड़ित हुए हैं उनकी मदद किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है इसी कड़ी में सहारनपुर के जामिया रहमत घघरोली से भी उनकी मदद के लिए सामान भेजा गया.पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए जामिया रहमत (अरबिक कॉलेज) घघरौली, सहारनपुर के आसपास के अनेक गाँवों के सहयोग से राहत सामग्री तैयार की गई। यह सामग्री आज मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी प्रबंधक जामिया रहमत (अरबिक कॉलेज) घघरौली के नेतृत्व में पंजाब के लिए रवाना हुई। यह आसपास के गाँवों और जिम्मेदार लोगों के सहयोग व उनके जज़्बे का नतीजा है कि यह सेवा पूरी हो सकी और अब यह सामग्री सही ज़रूरतमंदों तक पहुँचाने की कोशिश होगी।गाँवों के ज़िम्मेदार लोगों ने बढ़-चढ़कर इस नेक काम में हिस्सा लिया और इसे इंसानियत व सेवा की एक शानदार मिसाल बना दिया।पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक बड़ा राहत क़ाफ़िला रवाना किया गया। इस क़ाफ़िले में तकरीबन दस गाड़ियाँ शामिल थीं, जिनमें बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राशन, दवाइयाँ और मेडिसिन, छतरियाँ, बैटरियाँ, तिरपाल और अन्य ज़रूरी सामान बड़ी मात्रा में लदा हुआ था।सहयोग करने वाले गाँव इस प्रकार हैंःघघरौली, चेंची, पठानपुरा, लोदीपुर, साढ़ोली कदीम, हथौली, भोजपुर, दबकौरा, रसूलपुर, टोडरपुर, दभेड़ा कलां, तिरफुवा, नादराना, मरवह, रोगला हथौली, नानौली, नथमलपुर, दूधगढ़, आलहनपुर, गंदेवड़ पठानपुरा, मीरगढ़, नौशेरा, जन्धेडी, धौलाहेडी, बेरखेडी।इन बस्तियों के सहयोग से यह सेवा संभव हो सकी और गाँव वालों ने इस काम को अपनी सामाजिक और धार्मिक ज़िम्मेदारी समझकर पूरा किया।क़ाफ़िले में शामिल रहेःमौलाना अब्दुल क़ादिर नानौली, हाफ़िज़ सादिक नानौली, बुरहान भाई नानौली, क़ारी अयूब तिरफ़वाह, चौधरी नदीम दबकोरा, हाजी मुक़र्रम टोडरपुर, आमिर चौधरी टोडरपुर, नोशाद भाई चेंची, मिस्त्री अमजद लोदीपुर, चौधरी हाशिम घघरौली आदि शामिल रहे.

## संपादकीय...

# मां की कमी को हमेशा महसूस करती है औलाद

अभी हाल ही में हमारी मां इस दुनिया को अलविदा कह गईं. ख़ुदा ने जितनी भी उनको जिंदगी दी और हमारा और उनका साथ रहा तो हमेशा वह हमारे सर पर रहमत का एक साया बन कर रहीं. अब हमारी मां हमारे साथ नहीं हैं क्योंकि कुदरत का जो निज़ाम है वह यही है कि जो इस दुनिया में आता है एक न एक दिन उसको जरूर जाना है और यह बात सबको मालूम भी है. जिनके सर से मां बाप का साया उठ जाता है वह इस गम को अच्छी तरह से जानते हैं कि मां और बाप का साया क्या होता है.



उज़मा शकील ख़ान

दुनिया की तमाम दौलत भी इंसान को मिल जाए तब भी उसकी मां की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है और इस बात को हमने अपनी मां के जाने के बाद महसूस भी किया है और तमाम उम्र हम अपनी मां को याद रखेंगे और उन्होंने जो भी हमें जिम्मेदारी दी है उसको हम पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश भी करेंगे. यहां पर यह सब लिखने का मकसद यह है कि जिन लोगों के मां-बाप दुनिया में हैं तो उनको चाहिए कि वह अपने मां-बाप का पूरी तरह से सम्मान करें उनकी कद्र करें और किसी भी तरह से अपने मां या बाप को नजरअंदाज ना किया जाए बल्कि उनकी दिल से खिदमत की जाए. जो लोग किसी भी तरह से अपने मां-बाप को नजरअंदाज करते हैं या उनकी नाफरमानी करते हैं तो ऐसे लोगों को दुनिया में भी अपमानित होना पड़ता है क्योंकि मां-बाप वह दौलत हैं कि जिसका कोई बदल नहीं है दुनिया में सब कुछ मिल जाता है लेकिन मां-बाप नहीं मिलते उनके जैसी वह मोहब्बत तमाम कोशिशो के बावजूद भी आपको कहीं से भी नसीब नहीं हो सकती है. जिनके मां बाप दुनिया से चले जाते हैं वह औलाद तमाम उम्र अपने मां बाप को याद करती है और विशेष तौर पर तो मां के लिए औलाद का दिल हमेशा तड़पता है हमेशा मां याद आती है.

# अयोध्या में रामलला के सामने नतमस्तक हुए भूटान के प्रधानमंत्री



डॉ. घनश्याम भारतीय

**अयोध्याः** भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे अपनी धर्मपत्नी संग अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में नतमस्तक हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद वे पहले ऐसे विदेशी प्रधानमंत्री बने जिन्होंने रामलला का दर्शन कर राम मंदिर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई। विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे टोबगे का स्वागत प्रदेश सरकार की ओर से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। इसके बाद वे सीधे राम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने करीब एक घंटे 40 मिनट तक दर्शन-पूजन कर रामजन्मभूमि परिसर की भव्यता का अवलोकन किया।भूटान के प्रधानमंत्री ने तीन बार साष्टांग प्रणाम कर रामलला की आरती उतारी, पुष्प अर्पित किए और चरणामृत ग्रहण किया। राम मंदिर की कलात्मक नक्काशी और म्यूरल्स को निहारते हुए उन्होंने कई तस्वीरें भी खींचीं। दर्शन के बाद होटल रामायणा में पारंपरिक शैली में उनका स्वागत हुआ और सम्मान भोज का आयोजन किया गया।अयोध्या की इस ऐतिहासिक यात्रा के बाद भूटान के प्रधानमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो गए। यह दौरा भारत-भूटान के रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने वाला साबित होगा।

# 'दिल्ली दंगों में जिन्होंने भड़काऊ भाषण दिए, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई?'

## उमर खालिद को जमानत न मिलने पर सिब्बल ने उठाए सवाल



एजेंसियां

**नई दिल्ली-** दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में आरोपी उमर खालिद को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सवाल उठाए हैं। लाइव लॉ की रिपोर्ट, कपिल सिब्बल ने कहा कि न्यायपालिका मामले में सुनवाई में देरी कर रही है और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन किया गया है। और हम इस अन्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। सिब्बल ने कहा, "अगर अदालत सालों तक फ़ैसला नहीं देती, तो क्या हम ही दोषी हैं? अदालतों का यही हाल है। अगर आप ज़मानत नहीं देना चाहते, तो केस खारिज कर दीजिए। आपको सालों तक 20-30 सुनवाई क्यों करनी पड़ती है?हमारी राय में, यह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। यह अन्याय नहीं होना चाहिए। अगर कोई भारत की अखंडता के लिए ख़तरा बनता है, तो हम देश के साथ खड़े होंगे, उनके साथ नहीं। लेकिन हमें निर्दोषों के साथ खड़ा होना होगा। " वरिष्ठ वकील ने आगे बताया कि खालिद (और अन्य) दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी बात सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन एक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसका मतलब यह नहीं कि एजेंसियां यूएपीए के तहत लोगों को जेल भेज देंगी। सिब्बल ने बिना किसी स्पष्टीकरण के कुछ जजों के मामले से खुद को अलग करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जजों को अपने अलग होने का कारण बताना चाहिए कोई न कोई वजह तो होगी ही। कोई खास बात तो होगी ही, जो हमें नहीं पता। जिस व्यक्ति ने राहत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है, उसे पता होना चाहिए कि कोई जज उसके मामले की सुनवाई क्यों नहीं कर रहा है।

# हिन्द समर्थन की एडिटर उजमा शकील खान की माता के निधन से ग़म का माहौल

शिब्ली रामपुरी

**मुंबईः** हिन्द समर्थन की एडिटर और सेवन सोल्जर फाउंडेशन की प्रेसिडेंट उजमा शकील खान की वालिदा का इंतकाल हो गया वह काफी वक्त से बीमार चल रहीं थीं. जैसे ही यह खबर पता चली तो उजमा शकील खान के निवास पर पहुंच कर उनके रिश्तेदारों से लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनकी माता के निधन पर गहरे गम का इजहार किया. उजमा शकील खान की वालिदा रज़यिा खान एक नेक और मिलनसार महिला थीं. वह तमाम उम्र अपने परिवार को समर्पित रहीं और उन्होंने अपने बच्चों की बेहतरीन तरीके से परवरिश की. कुछ महीनो से वह काफी बीमार थीं और उनका लगातार इलाज चल रहा था इलाज के दौरान ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा.उनको नम आँखों से सुपुर्द ए ख़ाक किया गया. उनके इंतकाल पर पत्रकारिता जगत समेत राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है.

# समाजवादी पार्टी सबको लेकर चलती है साथ सपा विधायक अबू आजमी ने किया कार्यकर्ता शिविर को संबोधित




शिब्ली रामपुरी

**मुंबईः** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है और सभी के कल्याण के लिए समाजवादी पार्टी ने हमेशा काम किया है. मुंबई में मानखुर्द-शिवाजी नगर तालुका के कार्यकर्ता शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज समाजवादी पार्टी के साथ जनता तेजी से जुड़ रही है वह इस बात को साबित करता है कि सपा की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है. कार्यकर्ता शिविर के दौरान नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई और कार्यकर्ताओं को जनहित कार्यो व संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए गए. इस दौरान गोवंडी का नाम रोशन करने वाले कई खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की गई. शिविर में काफी संख्या में समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओ और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही.

# राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संगठन विस्तार सम्मेलन का आयोजन



संवाददाता

**हरिद्वारः** राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संगठन विस्तार सम्मेलन का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर विशाल सिंह राणा की अध्यक्षता में बहादराबाद में आयोजित सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए ठाकुर विशाल सिंह राणा ने दीपक शर्मा को बहादराबद ब्लॉक अध्यक्ष,राजा चौहान ब्लॉक महामंत्री,कंवरपाल राणा व नरेंद्र सिंह को हरिद्वार नगर महामंत्री,दिनेश यादव को उपाध्यक्ष,सागर कुमार को महदूद नगर अध्यक्ष,निखिल राजपूत मंत्री,राजा ठाकुर,शोभित कौशिक को उपाध्यक्ष व सचिन चौहान को मीनाक्षीपुरम, महादेवपुरम,नेहरू कालोनी खंड अध्यक्ष मनोनीत किया।ठाकुर विशाल सिंह राणा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा,लव जिहाद के विरुद्ध संघर्ष,गौ रक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई आदि के मामलों में संगठित होकर कार्य करें।सम्मेलन के दौरान विशाल राणा ने वीडियो कॉल के माध्यम से क्षत्रिय करणी सेना के वरिष्ठ युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा का कार्यकर्ताओं से संवाद भी कराया। ओकेंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं को और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में दीपक शर्मा,राजा चौहान,चरण सिंह,सोनू सिंह,अजय कश्यप,चुन्नू लाल,हिमांशु,सिद्धू,अभि कश्यप, सौरभ कश्यप,विनीत कश्यप,सूरज कश्यप,सोनू कश्यप,बादल कश्यप,चमन प्रकाश शर्मा,लकी, राजेश कुमार,विनीत कुमार,राजा ठाकुर,अक्षय कुमार,विवेक, मनीष,अभिनंदन,सनी,निखिल पुंडीर, अर्पित गर्ग,सार्थक कौशिक,शोभित कौशिक,दिवेश चौधरी,मोहित चौधरी,हार्दिक ठाकुर,अंकुश, राजपाल,अरुण कुमार,संजय मुकेश,गौरव,कपिल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूरी इंसानियत के लिए है पैगंबरे इस्लाम का पैगाम

## मुंबई में प्रोफ़ेट फ़ॉर ऑल मुहिम के तहत इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

शिब्ली रामपुरी

**मुंबईः** प्रोफ़ेट फ़ॉर ऑल मुहिम के तहत मुंबई के इस्लाम जिमखाना में द इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. जिसमें सभी धर्म से जुड़े विद्वानों की मौजूदगी रही तो वहीं शिक्षा जगत से लेकर पत्रकारिता जगत और कई नामवर शायरों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की. इस सम्मेलन में सभी ने एकजुट होकर कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह से बहुत सारी गलतफहमियां पैदा हो रही हैं जो कि दिलों में दूरियां पैदा करने का काम करती हैं तो ऐसे में पैगंबर साहब की जो शिक्षा है उनका जो बताया हुआ रास्ता है उस पर अमल करके दिलों की इस नफरत को पूरी तरह से दूर किया जा सकता है. कार्यक्रम में मौजूद विद्वानों ने कहा कि पैगंबरे इस्लाम का संदेश किसी एक धर्म या समाज के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए है. पैगंबर साहब ने इंसानियत के लिए जो पैगाम दिया है उसे गंभीरता से समझने की जरूरत है और उस पर अमल करके ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं और जो दिलों में किसी भी तरह की नफरत या गलतफहमियों की वजह से दूरियां पैदा हुई हैं उनको भी समाप्त किया जा सकता है. हम सब इंसान हैं और हमारा कर्तव्य इंसानियत का परचम बुलंद करना है.



- कार्यक्रम में प्रो. एच.एन. कलानिया – महासचिव, खैरुल इस्लाम उच्च शिक्षा सोसायटी, मुंबई (अध्यक्ष)
- डॉ. संजय वी. देशमुख – पूर्व कुलपति, मुंबई विश्वविद्यालय (मुख्य अतिथि)
- डॉ. दीपक पी. साबले – प्राचार्य, भारत कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, बदलापुर (सम्मानित अतिथि)
- श्री विनोद राघवन – समाचार समन्वयक, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (सम्मानित अतिथि)
- श्री के. वेंकटरमन – माननीय। सचिव, एसआईईएस, माटुंगा (मुख्य वक्ता)
- कैप्टन अमित सान्याल – अनुभवी, एल एंड डी विशेषज्ञ, विजिटिंग फैकल्टी (सम्मानित अतिथि, ऑनलाइन)
- डॉ. धनेश्वर हरिचंदन – आईसीएसएसआर सीनियर फेलो, मुंबई विश्वविद्यालय (मुख्य अतिथि)
- श्री अरविंद धोंड – विभागाध्यक्ष, वाणिज्य, सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई (सम्मानित अतिथि)
- डॉ. मनोज सूर्यकांत वर्दे – विजिटिंग फैकल्टी, केसी कॉलेज, हिंदुजा कॉलेज, एमईटी (सम्मानित अतिथि)
- प्रोफेसर गंगाधरन मेनन – एप्लाइड आर्ट्स के प्रोफेसर, रचना संसद (सम्मानित अतिथि) के तौर पर शिरकत की.

# भाजपा के जिस कार्यकर्ता ने राहुल गांधी की नागरिकता पर उठाया सवाल, अब ईडी ने उसे तलब किया

एजेंसियां

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कर्नाटक के उस भाजपा कार्यकर्ता को तलब किया है, जिसने राहुल गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने का दावा करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। व्यक्ति की पहचान एस. विग्नेश शिशिर के रूप में हुई है। उन्हें नौ सितंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी सूत्रों ने बताया कि शिशिर से मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत मामले से संबंधित सभी साक्ष्य और दस्तावेज के साथ पेश होने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपों की जांच की जा रही है। फेमा के तहत ईडी व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों की जांच करता है। जब इस मामले पर कांग्रेस पार्टी से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उसने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका में शिशिर ने दावा किया था कि उनके पास ब्रिटिश सरकार के कुछ दस्तावेज और ईमेल हैं, जो यह साबित करते हैं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ब्रिटेन के नागरिक हैं और इस कारण भारत में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।

# स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन की ओर से गोलमेज़ सम्मेलन आयोजित

शिब्ली रामपुरी

**मुंबईः** मुंबई के इस्लाम जिमखाना में स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पैगंबर इस्लाम हजरत साहब(स. अ. व.) की शिक्षाओं से सभी को परिचित कराने की अपील की गई और युवाओं को रोजगार से लेकर शिक्षा और धार्मिक तौर पर जागरूक करने पर ज़ोर दिया गया और एक ऐसी मुहिम की शुरुआत भी की गई कि जिसका उद्देश्य मुसलमानों को हर तरीके से जागरूक करना है. कार्यक्रम में मौलाना



बुरहानुद्दीन कासमी. मौलाना महमूद दरियाबादी. जमात इस्लामी हिंद महाराष्ट्र के अमीर मौलाना इलियास फलाही. मुफ्ती अशफाक क़ाज़ी.शाकिर शेख़. सरफराज आरजू आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस बात पर जोर दिया कि मुसलमान के संबंध में जो गलतफहमियां फैली हुई है उनको भी दूर किया जाना चाहिए.

# एक रोटी कम खाओ मगर बच्चों को जरूर पढ़ाओ



अकबर अली: न्यूज़ एडिटर

शिक्षा के मामले में एक मशहूर कहावत है कि एक रोटी कम खाओ मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ इसका मतलब यह है कि यदि आप गरीब हैं तो भी आप अपने बच्चों की एजुकेशन पर गंभीरता से ध्यान देकर उनका भविष्य उज्जवल बनाने का प्रयास करें. शिक्षा इंसान को एक बेहतर सोच प्रदान करती है और उसके लिए कामयाबी के रास्ते भी खोलती है और ऐसे दरवाजे शिक्षा के माध्यम से इंसान के सामने खुलते हैं कि जिसकी वह अक्सर कल्पना भी नहीं कर सकता है. कुछ लोग सिर्फ नौकरी करने के लिए ही शिक्षा को अहमियत देते हैं और महत्वपूर्ण मानते हैं जबकि यह सोच पूरी तरह से सही नहीं है. नौकरी हासिल करने के लिए तो एजुकेशन जरूरी है ही वही पूरे जीवन के लिए एजुकेशन जरूरी है क्योंकि जब तक इंसान शिक्षित नहीं होगा तब तक वह किसी भी क्षेत्र में बेहतर सोच नहीं रख सकता है. कोई भी इंसान कोई भी रोजगार करता है तो अगर वह पढ़ा लिखा नहीं है तो उसको वह काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा लेकिन अगर इंसान पढ़ा लिखा है और वह कोई छोटा सा काम भी करता है तो भी शिक्षा उसको ऐसे रास्ते बताएगी कि सामने वाला भी उसकी बोलचाल से और उसके काम करने के तरीके से जरूर प्रभावित होगा. इसलिए शिक्षा इंसान के लिए जरूरी है और शिक्षा के माध्यम से ही कोई भी इंसान सफलता हासिल कर सकता है और उसके अंदर एक बेहतर सोच पैदा हो सकती है.

# डॉ एके त्रिपाठी की पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन

डॉ. घनश्याम भारतीय

**अयोध्या/अंबेडकरनगर:** डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. एके त्रिपाठी की हिंदी में लिखी पुस्तक क्लिनिकल मेडिसिन का विमोचन राज्यपाल द्वारा किए जाने की खबर पर विश्व ब्राह्मण चेतना मंच ने हर्ष व्यक्त किया। उनकी उपलब्धि पर उल्लास का माहौल है। अंबेडकरनगर के पटना मुबारकपुर निवासी डॉ त्रिपाठी देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में सेवा देने के बाद हिंद मेडिकल कॉलेज के कैंसर विभाग प्रमुख हैं। उनकी पुस्तक क्लीनिकल मेडिसिन का विमोचन लखनऊ स्थित अटल बिहारी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ किया। कहा कि मेडिकल छात्रों विशेष कर हिंदी माध्यम से शिक्षा लेने वालों के लिए यह पुस्तक वरदान साबित होगी। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि यह किसी अंग्रेजी पुस्तक का अनुवाद नहीं है बल्कि मूल रूप से हिंदी भाषा में लिखी गई है। इसमें चिकित्सीय शब्दावली को सरल और बोलचाल की भाषा में प्रस्तुत किया गया है। ताकि मेडिकल विद्यार्थियों से लेकर प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सक तक सभी को लाभ मिल सके। डॉ त्रिपाठी को इस उपलब्धि पर वी एन पांडे, देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, रामसुख पांडे, डॉ आर एन मिश्रा,डॉ प्रेमलता द्विवेदी, नीलिमा मिश्रा सहित तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।



# यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी व उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स का स्वागत

संवाददाता

**हरिद्वार:** निर्दलीय पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व में अंसारी बिरादरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स का स्वागत और सम्मान किया। पार्षद अहसान अंसारी के ज्वालापुर स्थित आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में अंसारी बिरादरी के शहर सदर हाजी इरफान अंसारी ,पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी,रियाज अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उ.प्र.के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हमारा मकसद युवाओं को शिक्षित करने के साथ-साथ सीधे रोजगार से जोड़ना है।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदुस्तान एक ऐसा वाहिद मुल्क है,जहां मुस्लिम सबसे सुरक्षित हैं।दानिश आजाद अंसारी ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुस्लिम समाज से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।सम्मान समारोह के लिए शहर अंसारी बिरादरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार उनको यहां सम्मान मिला है,उससे वह प्रसन्न है।उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए आयोजकों की पीठ थपथपाई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इसरार अहमद सलमानी,जाफिर अंसारी,वाजिद अली,आशु खान, आरिफ अंसारी,अनस अंसारी,दानिश अंसारी,हाजी जीशान अंसारी, हाजी शराफत अंसारी, इख़लाक अंसारी, सुनहरा अंसारी,मंसूर अंसारी ,हाजी शौकीन अंसारी, असीम अंसारी, वसीम राव,अजीम राव,गुलफाम चाय वाले, इमरान, छोटा कुरैशी, कुर्बान अंसारी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



संवाददाता

**हरिद्वार:** शासन ने जिले के बी.एच.ई.एल रानीपुर विधानसभा क्षेत्र में राज्य योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण के तीन कार्यों के लिए 225.35लाख रुपये की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।जिसका जीओ जारी कर दिया गया है।सरकार ने सड़क निर्माण के लिए 30,000 रुपये की टोकन राशि भी जारी कर दी है।रानीपुर विधायक आदेश चौहान के प्रस्ताव पर राज्य योजना से विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 54.12लाख रुपए की लागत से सीतापुर रेलवे फाटक से गणेश विहार तक.75 किमी मार्ग का बीसी तथा नाली निर्माण द्वारा सुधारीकरण कार्य,45.79लाख रुपए लागत से भेल सेक्टर 3वाले तिराहे से पीएसी गेट होते हुए बैरियर नंबर 8 सुभाष नगर तक 1.14किमी मोटर मार्ग सुधारीकरण कार्य एवं 125.44लाख रुपए लागत से महादेवपुरम की 1.11किमी आंतरिक सड़कों का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा निर्माण कार्य किया जाना है।योजना के अन्तर्गत कुल लगभग 3किमी सड़क नाली निर्माण किया जाना है। इन तीनों निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।उक्त सड़को की टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर जल्द ही निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे पूर्व रानीपुर विधायक के प्रस्ताव पर कुंभ निधि से भी लगभग 45.31करोड़ रूपए के 4 स्थाई निर्माण कार्यों की स्वीकृति हो चुकी है।जिससे रानीपुर विधानसभा की बड़ी आबादी लाभान्वित होगी।जिसमें 12.56करोड रुपए की लागत से बहादराबाद सिडकुल फोरलेन मार्ग भाई चारा ढाबा से बैरियर नंबर 6 होते हुए शिवालिक नगर चौक बीएचईएल मध्य मार्ग तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, 9.5करोड़ रुपए लागत से सुभाष नगर पीएसी होते हुए शिवालिक नगर मार्ग पर रानीपुर रोह नदी पर आरसीसी सेतु का नव निर्माण कार्य, 6.59 करोड़ की लागत से धनौरी-सिडकुल लिंक मार्ग की मरम्मत का कार्य एवं 16.66 करोड रुपए लागत से धनौरी-सिडकुल लिंक मार्ग पर पथरी रौ नदी के पुरानी गंग नहर पर स्पान पुल का निर्माण कार्य शामिल है।सरकार द्वारा विकास कार्यों की स्वीकृति पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रदेश के लिए विकासपरक सोच से ही विकास कार्य धरातल पर तेजी से आ रहे हैं।क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकता है।सरकार की विभिन्न योजनाओं से पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य प्रगति पर हैं।

# मुफ्ती रय्यान नदवी ने की पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद करने की अपील

संवाददाता

**सहारनपुर:** रामपुर के मोहल्ला पीपलतला वाली मस्जिद अब्दुस समी के इमाम मुफ़्ती रय्यान नदवी ने पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ित लोगों की सहायता करने की सभी से अपील की है. उन्होंने कहा कि पंजाब में जिस तरह के हालात हैं वह बेहद ही अफसोसनाक है वहां पर बाढ़ से काफी तबाही हुई है और लोग परेशान हैं. इस मुसीबत की घड़ी में हम सब का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपनी ओर से भी उन बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद करें.मुफ़्ती रय्यान नदवी ने कहा कि संकट की घड़ी में हम पंजाब में बाढ़ पीड़ित लोगों के साथ हैं और सभी से अपील करते हैं कि वह भी अपनी हैसियत के मुताबिक बाढ़ पीड़ित लोगों की सहायता करें क्योंकि यह भारी संकट का समय है और ऐसे में उन लोगों को मदद की बहुत जरूरत है.

# यश विद्या मंदिर की टीम बनी नेशनल खो-खो चैंपियन

कुमकुम भाग्या

**अयोध्या:** पिनेकल पब्लिक स्कूल गांधीनगर, गुजरात में आयोजित सीबीएसई नेशनल खो-खो क्लस्टर में अयोध्या का परचम लहराया। अंडर-17 वर्ग में यश विद्या मंदिर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चेन्नई को चार अंकों से पराजित कर राष्ट्रीय विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। कोच शिवेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश की 59 टीमों के साथ-साथ कतर, ओमान, यूएई और कुवैत समेत सात अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भाग लिया। शुरू से ही उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही अयोध्या की टीम ने गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा और ओमान को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में यूपी की क्लस्टर-19 टीम को पांच अंकों से हराया, वहीं रोमांचक सेमीफाइनल में केरल को दो अंकों से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अनुराग के नेतृत्व में शनि, अंकुर, राज, विवेक, अंगद, श्रेय, दिव्यांशु, आयुष, फरहान, अनुभव और शरद ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कोच शिवेंद्र सिंह और टीम मैनेजर सावन कुमार की मेहनत रंग लाई।



# शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन



संवाददाता

**हरिद्वार:** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिजिटल युग में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।आज हर कोई ज्ञान और जानकारी पाने के लिए शिक्षक के पास नहीं जा रहा,बल्कि मोबाइल या कम्प्यूटर में गूगल सर्च कर रहा है।किताब से लेकर स्क्रीन तक की यह यात्रा ज्ञान तो दे रही है,लेकिन संस्कार और मानवीय मूल्य पीछे छूटते जा रहे हैं।ऐसे में शिक्षक का महत्व,दायित्व और भी बढ़ जाता है।प्रेस क्लब महामंत्री एवं शिक्षक दीपक मिश्रा ने कहा कि हर साल 5सितम्बर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है।वरिष्ठ पत्रकार आदेश त्यागी ने कहा कि शिक्षक वही होता है,जो हमें पढ़ा रहे हैं,लेकिन जहां सीखने की बात आती है तो एक छोटा बच्चा भी कभी-कभी ज्ञान की बात सीखा जाता है। वरिष्ठ पत्रकार सुनीलदत्त पांडेय ने कहा कि शिक्षक के ही कंधे पर देश के भविष्य का जिम्मा होता है,वे देश के नागरिक को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाने का रास्ता दिखाने का काम करते हैं। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक डा. रजनीकांत शुक्ला,डा.सुशील उपाध्याय, डा.शिवा अग्रवाल, डा.रूपेश शर्मा, डा.योगेश योगी,डा.परविंदर कुमार, सुभाष कपिल, दीपक मिश्रा, दीपक नौटियाल, बालकृष्ण शास्त्री,संजीव शर्मा और सुदेश आर्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार मनोज खन्ना, श्रवण कुमार झा, आशीष धीमान,जहांगीर मलिक,आशीष मिश्रा,एमएस नवाज,संजीव शर्मा,संजीव नैय्यर,शिप्रा अग्रवाल,सचिन सैनी समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# गढवाल मण्डलायुक्त विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा



संवाददाता

**हरिद्वार:** गढवाल मण्डलायुक्त विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा की गई।समीक्षा बैठक में जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी,उनको मण्डल आयुक्त ने सख्त निर्देश दिये गये कि आगामी समीक्षा बैठक तक सभी विभाग अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।जिन विभागों एवं अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में लापरवाही की जाएगी उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।समस्त जिलास्तरीय विभागों को मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि आयुक्त गढ़वाल मंडल की आगामी समीक्षा बैठक तक सभी सम्बन्धित विभाग बीस सूत्रीय कार्यक्रम,जिला योजना सहित अन्य सभी विकास कार्यों की शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाय।बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत डी श्रेणी,सी श्रेणी की मदों में प्रत्येक दशा में ए श्रेणी लाना सुनिश्चित किया जाय,जिला योजना के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि का शतप्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित किया जाय।केंद्र पोषित एवं राज्य योजना की धनराशि के व्यय में तेजी लाई जाय तथा गतिमान कार्यों को समयबद्ध तरीके से समयसीमा में पूर्ण किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिला योजना आदि कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह की 2तारीख जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय को हार्ड एवं शॉफ्ट कॉपी में प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाय। प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने को सभी विभाग गंभीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी,नगर आयुक्त,नगर निगम, अर्थ एवं संख्याधिकारी,जिला पंचायतीराज अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र,अधिशासी अभियंता सिंचाई, टयूबवेल, लोक निर्माण विभाग ,पेयजल निगम,जल सस्थान,अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत,अपर सांख्यकीय अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपप्रभागीय वनाधिकारी,जिला क्रीड़ा अधिकारी आदि सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन अभियान के तहत हरिद्वार जनपद में जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू



शिब्ली रामपुरी

**हरिद्वार:** कांग्रेस नेतृत्व द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के तहत हरिद्वार जनपद में जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।संगठन सृजन अभियान के ऑब्जर्वर जी.रुद्रा राजू ने प्रैस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान की शुरूआत की है।अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की राय से जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।जी.रूद्रा राजू ने कहा कि वे 7दिन तक हरिद्वार में रहकर बूथ और ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।पार्टी नेता और कार्यकर्ता उनसे पर्सनली भी मिल सकते हैं। सबसे मिलकर बात करने के बाद 6नामों का पैनल हाईकमान को भेंजेंगे।इसके बाद हाईकमान के स्तर से जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को लेकर कांग्रेस सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है,संगठन सर्वोपरि है।संगठन में सभी को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।जिसमें एससी,एसटी,ओबीसी व अल्पसंख्यकों को अधिक भागीदारी देने का संकल्प लिया गया है।नए जिलाध्यक्ष संगठन के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे।ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता को भी जिलाध्यक्ष बनने का अवसर दिया गया है।जमीनी रिपोर्ट के आधार पर जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा।कांग्रेस में गुटवाजी के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कांग्रेस से अधिक गुटबाजी भाजपा में है।कांग्रेस पारदर्शिता के साथ कार्य करती है।सामान्य कार्यकर्ता को भी आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। इसका उदाहरण वे स्वयं है।एक साधारण परिवार से होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया और वे आज विधायक के रूप में विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधित्व और जनता के लिए काम कर रहे हैं।हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी आम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। अनुपमा रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में महिला अपराधों में बढ़ोतरी हुई है।उन्होंने दावा किया कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी देहरादून को महिला सुरक्षा के मामले में सबसे असुरक्षित माना गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोतसिंह गुनसोला ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और जनता से मिले सुझावों अनुरूप कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजपाल बिष्ट,सुनीता परमार,ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी,विमला पांडे,राजबीर सिंह चौहान,तेलूराम प्रधान,राकेश राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुरकान अली,राजेंद्र

# जिला स्तर पर समिति गठित करते हुए खिलाड़ियों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाए : लक्ष्मी शाह

संवाददाता

**देहरादून:** टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने देहरादून वन मुख्यालय के मंथन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केंद्र पोषित योजनाओं की प्रगति समीक्षा की।उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को बेहतर तालमेल के साथ जनहित में संचालित केंद्र पोषित योजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।सांसद ने केंद्र पोषित योजनाओं के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ,पीएम खनिज क्षेत्र कल्याण,पीएम कौशल विकास, पीएम रोजगार सृजन ,श्रम पोर्टल, मनरेगा,दीन दयाल अंत्योदय, पीएम आवास ग्रामीण, खेलो इंडिया, दूरसंचार अवसंरचना,पीएम मत्स्य संपदा, स्मार्ट सिटी,पीएम जनधन, सुकन्या समृद्धि,सांसद निधि, सांसद आदर्श ग्राम आदि केंद्र पोषित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केंद्र पोषित योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जनहित में आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गति प्रदान करने को कहा। आईटीडीए को तहसील चकराता और विकास नगर में स्वान नेटवर्क की व्यवस्था हेतु शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।खनन न्यास निधि की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा,स्वास्थ्य,खेल सहित अन्य छोटी-छोटी विकास योजनाएं एवं जरूरतों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए।सांसद ने कहा कि जिला स्तर पर समिति गठित करते हुए खिलाड़ियों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाए।सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं पर चितां व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। सांसद ने कहा कि केंद्र पोषित सभी योजनाओं के लक्ष्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।दिशा की बैठक में विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान,विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर,विधायक रायपुर उमेश शर्मा काऊ,विधायक डोईवाला ब्रजभूषण गैरोला, विधायक कैंट सविता कपूर, जिलाधिकारी सविन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, प्रभारी वनाधिकारी नीरज शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह,परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, विधायक प्रतिनिधि, समिति के अन्य सदस्य सहित जिला स्तरीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




# अकीदत से मनाया गया ईद मिलादुन्नबीचादरी जुलुस लेकर कलियर शरीफ रवाना हुए अकीदमतंद

संवाददाता

**हरिद्वार:** पैगम्बर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद(स.अ.व.) साहब का जन्मोत्सव जश्ने ईद मिलादुन्नबी उपनगरी ज्वालापुर में अकीदत के साथ मनाया गया। अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी के संयोजन में मंडी का कुंआ एवं बाबा रोशन अली शाह की दरगाह से चादरी जुलूस निकाला गया। बैण्ड बाजों,तिरंगे झण्डे के साथ चादरी जुलूस दरगाह कलियर शरीफ एवं गढ़ी वाले मजार की और रवाना हुआ।जश्ने ईद मिलादुन्नबी व चादरी जुलुस को संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।पुलिस बल के साथ ड्रोन कैमरे भी तैनात किए गए थे।इस दौरान अकीदतमंदों ने जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया और फल,हलवा, खीर ,मीठे चावल वितरित किए।जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.व.)साहब के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लिया।इस दौरान बाबा रोशन अली शाह दरगाह पर कलाम पाक की तिलावत व नाते पाक पेश किए गए।सोसायटी के पदाधिकारियों एवं अंकीदतमंदों ने दुआएं मांगी।इस अवसर पर सोसाइटी के सदर हाजी शफी खां व सचिव शादाब साबरी ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद(स.अ.व.)साहब ने इंसानियत का पैगाम दिया है।उन्होंने कहा कि जश्ने ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर प्रतिवर्ष मंडी के कुंए से चादरी जुलूस निकाला जाता है।जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंद हिस्सा लेते हैं।उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें।पैगम्बर मोहम्मद(स.अ.व.) साहब की सुन्नतों पर अमल करते हुए इस्लाम की बुनियादी बातों पर चलते रहें।झूठ फरेब से बचें।सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए लोगों की खिदमत करें।हाजी रफी खान ,जमशेद खान व हाजी मुकर्रम अली ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद(स.अ.व.)साहब ने सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया।उनके उसूलों पर चलते हुए देश की तरक्की में अपना योगदान दें।सौहार्द एकता,भाईचारे का परिचय देना चाहिए।मौहल्ला हज्जावान में हाफिज वहीद साहब का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर हाजी गुलजार अंसारी,अतीक चौधरी, जमशेद खान,अब्दुल रहमान खान,आदिल कुरैशी, अनीस खान, जावेद अंसारी, तौफिक अंसारी, अफजाल अंसारी, इलियास अंसारी,हारून खान,शाहबुद्दीन अंसारी ,रियाज अंसारी, सोहेल पीरजी, बुरहान अली, सुब्हान अली, गिजाली पीरजी,गुलाम साबिर,शाहनवाज सलमानी,अनीस खान, अतीक कुरैशी, शाह हारून खान, शहराज खान, आजम अंसारी, गुलजार आलम,सैफी अय्यूब खान, सरफराज सलमानी, अनीस पीरजी, इरफान पीरजी आदि ने चादरी जुलूस में पहुंचे लोगों का स्वागत किया।



# पैगंबर ए इस्लाम की शिक्षाएं - पड़ोसी का ध्यान रखने से लेकर मज़दूर की मज़दूरी वक्त पर दी जाए



शिब्ली रामपुरी

इस्लाम धर्म के पैगंबर साहब का जीवन हर किसी के साथ रहमदिली करने और किसी का भी दुख हो तकलीफ़ हो उसमें साथ खड़े होने की राह दिखाता है. जब इंसानियत की बात आती है तो सबसे पहले पैगंबर साहब का यह पैगाम जो कि पड़ोसी के लिए है आज के वक्त में इस पर बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि आज अधिकतर लोग इस बात से ही अनजान रहते हैं कि उनके पड़ोस में रहने वाला कोई तकलीफ में तो नहीं है किसी को आर्थिक संकट से तो नहीं गुजरना पड़ रहा है किसी के मासूम बच्चे किसी तरह से परेशान तो नहीं हैं. आज के वक्त की यह कड़वी सच्चाई कि जब एक भाई अपने गरीब भाई से अपना मकान इसलिए ऊंचा बनाता है कि उसकी शानो शौकत बरकरार रहे और मां बाप के गुजरने के बाद बहनों से भी भाई किनारा कर लेते हैं कि कहीं गरीब बहन की मदद ना करनी पड़ जाए तो ऐसे वक्त में पड़ोसी का ख्याल कितना आता होगा? जबकि पैगंबर साहब का यह संदेश है कि तुम्हारा पड़ोसी किसी भी तरह से तकलीफ में हो तो उसका ध्यान रखो अगर तुमने अपने पड़ोसी का ध्यान नहीं रखा तो तुमसे ख़ुदा के यहां सवाल किया जाएगा और तुमको इसका हिसाब देना पड़ेगा. पड़ोसी से तात्पर्य सिर्फ मुसलमान का मुसलमान से नहीं है बल्कि पड़ोसी किसी भी धर्म ज़ात से ताल्लुक रखता हो वह अगर परेशानी में है तो उसकी मदद की जानी चाहिए. आज के समय में मजदूर की मजदूरी वक्त पर मिलना बहुत बड़ी बात है और बहुत जगहों पर यह देखा जाता है कि जो लोग अपने यहां मजदूरों से काम कराते हैं तो उनके पैसे तक पूरे नहीं देते हैं या फिर बहुत देर से उनकी मजदूरी दी जाती है या उनको काफी परेशान करने के बाद उनका पैसा दिया जाता है जबकि यह किसी भी तरह से सही नहीं है और पैगंबर साहब ने तो स्पष्ट तौर पर अपने संदेश में कहा है कि मजदूर की मजदूरी उसका पसीना सूखने से पहले दे दी जानी चाहिए. उनके इस पैगाम से साफ हो जाता है कि मजदूर के अधिकार के प्रति किसी भी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए.


# न्यूजीलैंड का 'रूज' सेब पहली बार वाशी के एपीएमसी पहुंचा

## भारत और न्यूजीलैंड के मजबूत होंगे व्यापारिक संबंध

**नवी मुंबई.** न्यूज़ीलैंड से आयातित प्रीमियम रूज किस्म के सेब का पहली बार भारतीय फल बाजार में प्रवेश हुआ है. इस किस्म को वाशी स्थित एपीएमसी फल बाजार में आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया गया है. भारत में इस सेब ने भारत-न्यूजीलैंड कृषि व्यापार संबंधों को नई गति दी है.वाशी स्थित नवी मुंबई कृषि बाजार समिति में साल भर तरह-तरह के फल आते हैं. यहां मौसम के अनुसार फलों की विभिन्न किस्में उपलब्ध होती हैं. इसी तरह, साल भर विभिन्न विदेशी फल भी एपीएमसी में आते हैं. शिमला, हिमाचल प्रदेश से सेब फल मंडी में आते हैं. इसी तरह, भारत में फल मंडी क्षेत्र में पहली बार, न्यूजीलैंड से आयातित प्रीमियम 'रूज' किस्म के सेब वाशी स्थित एपीएमसी फल मंडी में पहुंचे.

**मुंबई के लोग करेंगे इसे पसंद :** रूज सेब के लॉन्च में मुंबई स्थित न्यूज़ीलैंड के महावाणिज्य दूत और व्यापार आयुक्त ग्राहम राउज़, भारत-दक्षिण एशिया के उपायुक्त इरफान जफर, एनजेडटीई की बिज़नेस डेवलपमेंट मैनेजर वृंदा सोनवणे, एपीएमसी वाशी के निदेशक संजय पानसरे और फल व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत ढोले शामिल हुए. इस सेब का लॉन्च न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की हालिया भारत यात्रा की पृष्ठभूमि में विशेष महत्व रखता है, जिसके दौरान कृषि क्षेत्र, मुक्त व्यापार समझौतों और निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई थी.गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि कृषि क्षेत्र दोनों देशों के बीच सहयोग की एक प्रमुख कड़ी होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री लक्सेन द्वारा कृषि क्षेत्र को दी गई प्राथमिकता इस कार्य के लिए प्रेरणा थी.डी. बी. उर्सल एंड ग्रैंडसंस के रोहन सतीश उर्सल ने कहा कि रूज सेब का आना न केवल एक व्यावसायिक सफलता है, बल्कि भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी का एक नया चरण भी है.

### एशिया के सबसे बड़े बाजारों में शामिल APMC



उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि रूज सेब प्राकृतिक मिठास वाला एक लाल फल है और भारतीय उपभोक्ताओं की ओर से इसकी मांग बहुत अधिक होगी. मुंबई के फल व्यापार के इतिहास पर बोलते हुए, चंद्रकांत ढोले ने कई पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा का उल्लेख किया. संजय पानसरे ने कहा कि एपीएमसी वाशी अब एशिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक बन रहा है.ग्राहम राउज ने कहा कि केवल छह महीनों में भारत में 'रूज' सेब का आना सराहनीय है और भारत न्यूजीलैंड के लिए सबसे संभावित बाजार है और भविष्य में सहयोग के लिए एक बड़ा अवसर है.



# रीता सिंह ने किया सीएम का स्वागत

**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आधिकारिक आवास वर्षा पर विराजमान विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पहुंचे. इसी दौरान बीजेपी मुंबई की प्रवक्ता रीता निलेश सिंह ने मुख्यमंत्री को भगवा गमछा ओढ़ाकर व भगवान शंकर जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर बीजेपी मुंबई अध्यक्ष अमित साटम, सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, जयप्रकाश ठाकुर, बीजेपी उत्तर-पश्चिम जिलाध्यक्ष ज्ञानमूर्ति शर्मा समेत बड़ी संख्या में बीजेपी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

### बप्पा का दर्शन करने पहुंचे नेता

# 17 को विराट कवि सम्मेलन

### श्री विश्वकर्मा महापूजा पर आयोजन

**मुंबई,** श्री विश्वकर्मा कल्याण मंडल में 17 सितंबर को श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर हलाव पुल, मसरानी लेन कुर्ला पश्चिम में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया है. शाम छह बजे से हास्य कवि सुरेश मिश्र के संचालन में शायर राम अभिलाष अवस्थी, डॉ. राज बुंदेली, गीतकार रासबिहारी पांडेय, अवधी के कवि एड. राजीव मिश्र, डॉ. मृदुल तिवारी महक तथा किरण तिवारी अपना काव्य पाठ करेंगे. संस्था के अध्यक्ष राम सागर विश्वकर्मा व मंत्री डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने आह्वान किया है कि उक्त अवसर पर स्वजातीय और सभी साहित्य रसिक उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण करें तथा कविताओं का आनंद लें. सत्यनारायण विश्वकर्मा, शत्रुघ्न शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, नवरंग शर्मा महोत्सव को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे हैं.

# प्रिय गणपति बप्पा को अश्रुपूर्ण विदाई, देशभर में विसर्जन जुलूसों का उत्साह

**मुंबई,** अनंत चतुर्दशी के दिन यानी 6 सितंबर को महाराष्ट्र समेत पूरे देश में विसर्जन समारोह का उत्साह देखने को मिला। घर-घर और सार्वजनिक मंडलियों में स्थापित किए गए प्रिय गणपति बप्पा को विदाई दी गई। गणपति गांव चले गए हैं, हम पर शांति बनी रहे, एक दो तीन चार गणपति जयजयकार, गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ, जैसे नारों के साथ मुंबई, पुणे समेत महाराष्ट्र के तमाम शहरों में



विसर्जन स्थल गुलजार रहे। गणेश भक्तों ने पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों पर जोर दिया था। प्रदूषण की समस्या से बचने के लिए कई गणेश भक्तों ने इस बात पर जोर दिया था कि उनके घरों में स्थापित की जाने वाली मूर्तियाँ पर्यावरण के अनुकूल और शाडू मिट्टी से बनी होनी चाहिए। गिरगांव चौपाटी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

गणेश विसर्जन के दिन मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। छोटी मूर्तियों के साथ-साथ अब सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के बड़े गणपति भी विसर्जन के लिए पहुँचे और उनका विसर्जन किया गया। मुंबई में बारिश जारी रहने के बावजूद, भक्तों के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं दिखी। ढोल-नगाड़ों की ध्वनि, उत्सवी माहौल और ॽगणपति बप्पा मोरयाॽ के जयकारों के बीच भक्त चौपाटी पर मौजूद थे। उत्साह, भक्ति और भावनाओं का संगम साफ़ दिखाई दे रहा था।

# ठाणे में शिवसेना को घेरने की कोशिश तेज

## आव्हाड के करीबी सरैया भाजपा में शामिल, वागले इस्टेट एवं लोकमान्य में बढ़ी BJP की ताकत

**ठाणे,** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत स्ट्राइक रेट प्राप्त करने वाली भाजपा अब जिले की महानगरपालिका चुनाव में भी नंबर -एक बनने के लिए कवायद शुरू कर दी है. इसके लिए राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनके होमटाउन ही नहीं उनके निर्वाचन क्षेत्र में घेरने की कोशिश तेज हो गयी है. इसके तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधानसभा में पार्टी के गुट नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड के अति करीबियों में शामिल रहे पूर्व नगरसेवक अमित सरैया गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ शिवसेना में शामिल हो गए. सरैया के पार्टी प्रवेश कार्यक्रम को भव्य बनाकर भाजपा ने अपनी सहयोगी शिवसेना को एक ख़ास संदेश देने का भी काम किया है.



### सावरकर नगर वार्ड से लड़ा था चुनाव

अमित सरैया 2012 में सावरकर नगर वार्ड से चुनाव लड़े थे और उस समय उन्होंने पूर्व शिवसेना नगरसेवक दिलीप बारटक्के को हराया था. हालांकि 2017 के मनपा चुनाव में बारटक्के ने वापसी की और सरैया को हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन हार के बावजूद सरैया ने उस इलाके में अपना प्रभाव बनाए रखा. सरैया की पहचान आव्हाड के कट्टर समर्थक एक सक्रिय और प्रभावी राजनीतिक नेता के रूप में रही है. जिसे आगामी मनपा चुनाव में भाजपा भुनाना चाहती है.

### श्रीनगर पुलिस स्टेशन में सरैया के साथ हुई कहासुनी एवं धक्का-मुक्की

गौरतलब हो कि दो दिन पहले ही पूर्व नगरसेवक सरैया की वागले इस्टेट के श्रीनगर पुलिस थाने में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर के साथ कहासुनी एवं धक्का मुक्की हुई थी. उस समय इस मामले को लेकर डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट भी किया था. भाजपा के नगरसेवक रहे दिवंगत विलास कांबले के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट के जरिए शिंदे गुट के पूर्व शिवसेना पार्षदों की लगातार आलोचना की जा रही थी. इस मामले में श्रीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद चंद्रेश यादव नाम के एक युवक को हिरासत में लिया गया था. उस समय बड़ी संख्या में शिवसैनिक पुलिस थाने में मौजूद थे. इसी बीच, अमित सरैया थाने पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे. इस मांग से नाराज शिवसैनिकों ने सरैया को धक्का दे दिया था. इस घटना के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया. जिसको लेकर महायुति में तर्क वितर्क शुरू हो गयी है.

### राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना

पूर्व नगरसेवक अमित सरैया ने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को अपरान्ह मुंबई स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.जहां पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने उनका पार्टी में स्वागत किया. इस अवसर पर पार्टी की महासचिव एड.माधवी नाईक, विधायक संजय केलकर ,निरंजन डावखरे , ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संदीप लेले ,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय वाघुले सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे. इस तरह यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आने वाले दिनों में पार्टी अमित सरैया को बड़ी जिम्मेदारी देगी. सरैया को पार्टी में शामिल करके भाजपा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्वाचन क्षेत्र में एक नया दांव खेला है और इस पार्टी प्रवेश से वागले इस्टेट क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है.

### गद्दारी का सबक सिखाएगी जनता

**ठाणे.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के पूर्व नगरसेवक अमित सरैया के भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक हलके में प्रतिक्रिया शुरू हो गई. राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड समर्थकों ने सरैया के निर्णय की निंदा की है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के हिंदी भाषी प्रकोष्ठ ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा है कि गद्दारी का सबक ठाणे की जनता सिखाएगी. तिवारी ने पूर्व नगरसेवक सरैया की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपना समय भूल गए. राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड ने राजनीति का ककहरा पढ़ाया. स्थानीय विरोध के बावजूद टिकट दिया एवं नगरसेवक बनाया. लेकिन निहित स्वार्थ के लिए डॉ. आव्हाड से गद्दारी कर भगवा चोला.

**गुस्सा :** एसआरए को दिया ज्ञापन

# SS के पूर्व नगरसेवक के खिलाफ आक्रोश



**ठाणे,** शिवसेना के पूर्व नगरसेवक एवं बिल्डर संजय पांडे के खिलाफ पोखरण रोड के लोगों में आक्रोश व्याप्त है. गुरुवार को नलपाड़ा इलाके में एसआरए योजना के तहत बायोमेट्रिक सर्वे का काम शुरू किया था. जिसे स्थानीय लोगों ने रोक दिया. नाराज लोग एसआरए कार्यालय में ज्ञापन दिया एवं बिल्डर पांडे के खिलाफ नारेबाजी की. विरोध में उतारने वालों में भाजपा की पूर्व स्थानीय नगरेविका आशादेवी सिंह भी शामिल थी. बताया गया कि नलपाड़ा का विकास झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना के तहत पूर्व नगरसेवक संजय पांडे की कंस्ट्रक्शन कंपनी महाकाली डेवलपर्स (जयकाली डेवलपर्स ) द्वारा किया जाना है.

### लोगों ने बिल्डर के बायोमेट्रिक सर्वे का काम रोका

हालांकि इसको लेकर अधिकतर निवासियों का विरोध है. गुरुवार को महाकाली डेवलपर्स के सर्वेयर बायोमेट्रिक सर्वे के लिए आये थे. जिसका पुरजोर विरोध किया गया. लोग सड़कों पर उतर गए एवं सर्वे का काम रोक दिया. लोग एसआरए कार्यालय पहुंचे जहां बताया गया कि सर्वे के लिए विभाग की तरफ से तिथि तय की जाएगी एवं एसआरए के मार्फत सर्वे का काम किया जाएगा. भाजपा के पूर्व नगरसेवक शेरबहादुर सिंह ने कहा कि सर्वे करने के पहले सर्वसाधारण सभा बुलाई जानी चाहिए. निवासियों को इस संदर्भ में पूरी जानकारी दी जानी चाहिए. पूरी प्रक्रिया के तहत बायोमेट्रिक सर्वे का काम होना चाहिए.

### लोगों को पहले ही कर दिया है बेघर

- शेरबहादुर सिंह ने कहा कि संजय पांडे ने सुभाष नगर एवं गांधी नगर के लोगों को पहले ही बेघर कर दिया है. लोग सालों से इधर उधर भटक रहे हैं.
- किराया भी नहीं दिया जा रहा है. नलपाड़ा के लोग बिल्डर के झांसे में फंसने वाले नहीं हैं.इस संदर्भ में संजय पांडे से कई बार संपर्क किया गया. लेकिन उनसे बातचीत नहीं हो पायी.
- संजय पांडे के पुत्र एवं युवा सेना के पदाधिकारी सिद्धार्थ पांडे ने बस इतना कहा कि यह प्रोजेक्ट पापा का है इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है.

पूर्व नगरसेवक और पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल

# उल्हासनगर में TOK को लगा झटका

**उल्हासनगर,** शहर की राजनीति में कालानी परिवार का लंबे समय से वर्चस्व रहा है. पूर्व विधायक पप्पू कालानी के पुत्र ओमी कालानी के नेतृत्व वाली टीम ओमी कालानी (टीओके) को गुरुवार बड़ा झटका लगा है. टीओके के अनेक पदाधिकारी व कुछ पूर्व नगरसेवकों ने मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में भाजपा में विधिवत प्रवेश किया.



### विधायक आयलानी के साथ कई लोग रहे मौजूद

उल्हासनगर की राजनीति में इसको बड़ा उलटफेर माना जा रहा है. भाजपा में शामिल होने वालों में पूर्व नगरसेवक प्रभुनाथ गुप्ता, छाया सुजीत चक्रवर्ती के अलावा बाबू गुप्ता, उद्योगपति प्रेम झा, सुजीत चक्रवर्ती, रेखा चक्रवर्ती, हेमा पिंजानी, सुचित्रा सिंह, सूरज भारवानी, किशन लचानी, चांदनी श्रीवास्तव, मनीषा मेथवानी तथा दशरथ खैरनार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं. पार्टी प्रवेश के दौरान उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी, भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता श्वेता शालिनी, जिलाध्यक्ष राजेश वधारिया, महेश सुखरमानी, जमनु पुरस्वानी, प्रकाश माखीजा, डॉ. एसबी सिंह आदि उपस्थित थे.

# लोकल ट्रेन से कलवा खाड़ी में गिरा युवक

**ठाणे.** लोकल ट्रेन से कलवा जा रहा एक युवक का संतुलन छूट गया और वह सीधा विटावा रेल्वे ब्रिज से विटावा, कलवा खाड़ी में गिर गया. मनपा के आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों, अग्निशमन दल के जवानों एवं स्थानीय मछुवारों के प्रयास के बावजूद देर शाम तक उसका पता नहीं चल पाया. पुलिस ने बताया कि अब शुक्रवार को सुबह एक बार फिर तलाशी अभियान शुरु किया जाएगा.



### नहीं खोज पाए लाश

मनपा के आपदा प्रबंधन कक्ष को गुरुवार को लगभग 3 बजे सूचना मिली कि कलवा के घोलाई नगर, निवासी आकाश शर्मा नामक 29 वर्षीय युवक लोकल ट्रेन से खाड़ी में गिर गया है.

# MBMC के 843 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटा

**मीरा-भाईंदर,** मीरा-भाईंदर मनपा आयुक्त व प्रशासक राधाबिनोद शर्मा के कड़े निर्देशों के बावजूद गणेशोत्सव के दौरान 843 कर्मचारी बिना अनुमति अपने ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए. आदेश की अवहेलना करने पर सभी का एक दिन का वेतन दंड के रूप में काट लिया गया है. आयुक्त शर्मा ने 27 अगस्त को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि गणेशोत्सव के समय कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं रहेगा. इसके बावजूद 29 अगस्त को 650 स्थायी और 193 अस्थायी कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे. निरीक्षण और समीक्षा के दौरान जब यह मामला सामने आया, तो मनपा आयुक्त ने उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. अधिकारियों के अनुसार, कर्मचारियों ने न तो अपने वरिष्ठों को सूचित किया और न ही किसी प्रकार की छुट्टी ली थी.

**राहत :** ए-84 रूट से सीधे म्यूज़ियम टू ओशिवारा

# कोस्टल रोड पर दौड़ेंगी बेस्ट की नई एसी बसें



- रूट नंबर : A-84
- स्टार्ट प्वाइंट : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक (म्यूज़ियम)
- एंड प्वाइंट : ओशिवारा डिपो
- पहली बस : ओशिवारा – 7:15 AM, म्यूज़ियम – 8:50 AM
- आखिरी बस : ओशिवारा – 5:20 PM, म्यूज़ियम – 7:15 PM
- फ्रीक्वेंसी : 40–45 मिनट

**मुंबई,** बेस्ट में सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है. बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) रविवार से एक नई वातानुकूलित (एसी) बस सेवा शुरू करने जा रहा है. यह बस मार्ग संख्या ए-84 रहेगा, जो दक्षिण मुंबई के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक (म्यूज़ियम) से सीधे पश्चिम उपनगर के ओशिवारा डिपो तक जोड़ेगा.इस मार्ग की खासियत यह है कि बसें हाल ही में खुली धर्मवीर स्वराज्य रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज सागरी किनारा मार्ग (कोस्टल रोड) से गुजरेंगी. बेस्ट का दावा है कि इस रूट से यात्रियों को न सिर्फ़ आरामदायक सफर मिलेगा बल्कि यात्रा समय में भी बड़ी बचत होगी. नई सेवा से चर्चगेट, वर्ली सी फेस, माहिम,अंधेरी, विले पार्ले, सांताक्रुज़ और ओशिवारा जैसे अहम इलाकों के यात्रियों को सीधे दक्षिण मुंबई तक पहुंचने का विकल्प मिलेगा.

# मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव में प्रभाग संरचना पूर्ववत

## पूर्व पार्षदों को राहत, BJP को लाभ की उम्मीद

**मीरा-भाईंदर,** मीरा-भाईंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) की नई प्रभाग संरचना बुधवार देर रात (3 सितंबर) को प्रकाशित हुई. आश्चर्यजनक रूप से इस बार भी प्रभाग सीमाओं में कोई ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है. वर्ष 2017 के मनपा चुनाव की तरह ही सीमाएं बरकरार रहने से पूर्व नगरसेवकों को बड़ी राहत मिली है. आगामी चुनावों के लिए राज्य चुनाव आयोग ने नए प्रभाग गठन का आदेश दिया था. चुनाव आयोग ने 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए सदस्य संख्या 95 तय की. हालांकि, नई अधिसूचना में यह साफ हो गया है कि प्रभाग संरचना पूरी तरह वर्ष 2017 जैसी ही रहेगी. इस पर आपत्तियां और सुझाव 15 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, किंतु सीमाएं पूर्ववत रहने के कारण आपत्तियां दर्ज होने की संभावनाएं कम व्यक्त की जा रही है. जनसंख्या व आरक्षण : शहर की अनुमानित जनसंख्या 8 लाख 9 हज़ार 378 है. इनमें से 23 वार्ड चार सदस्यीय होंगे, जिनकी जनसंख्या औसतन 34 हज़ार है, जबकि भाईंदर पश्चिम के उत्तन का एक प्रभाग वार्ड 3 सदस्यीय होगा, जिसकी जनसंख्या लगभग 25 हज़ार 500 है. इस संरचना में कम से कम 48 सीटें महिलाओं के लिए और 26 सीटें ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी. शिवसेना शिंदे ने भी कसी कमर : वर्ष 2017 के चुनावों में इसी प्रभाग संरचना के चलते भाजपा को भारी लाभ मिला था. पार्टी ने 95 में से 61 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था.



### टिकट की होड़ तेज

- प्रभाग सीमाएं लगभग वर्ष 2017 के चुनाव के अनुसार होने के कारण अधिकांश पूर्व नगरसेवकों ने राहत की सांस ली है.
- हालांकि, टिकट वितरण की प्रक्रिया आसान नहीं होगी. भाजपा समेत प्रमुख दलों में नामांकन को लेकर कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है.
- वहीं कुछ पूर्व नगरसेवकों के टिकट कटने की भी चर्चाएं अभी से शुरू हो गई है.

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस बार भी भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है. वहीं शिवसेना (शिंदे) ने भी आगामी मनपा चुनाव में भाईंदर पश्चिम में अपने सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए कमर कसते दिखाई दे रही है.

# टारज़न ऑर्केस्ट्रा बार पर मारा छापा



**मीरारोड,** मीरारोड के टारज़न ऑर्केस्ट्रा बार पर काशीमीरा पुलिस ने गुरुवार की देर रात छापा मारा. इस कार्रवाई में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 12 लड़कियों को छुड़ाया गया.डीसीपी राहुल चव्हाण ने बताया कि 12 लड़कियों में से 5 लड़कियां आलमारी में छिपी हुई अवस्था में मिलीं. शुरुआती जांच में सामने आया है कि इसमें अवैध तरीके से महिलाओं को रखा गया था और वहां अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान बार में मौजूद लोगों से पूछताछ भी की गई.कार्रवाई में काशीमीरा पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस राजेंद्र कांबले और एपीआई योगेश काले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# सांसद मिलिंद से भिड़े राऊत

## दक्षिण मुंबई के अंदर आंदोलन पर पाबंदी की मांग पर बढ़ा विवाद

मुंबई, शिवसेना शिंदे गुट के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा ने सीएम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिख कर दक्षिण मुंबई के अंदर आन्दोलन की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है. उन्होंने हाल ही में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटिल के आन्दोलन का हवाला देते हुए कहा कि इस वजह से 5 दिनों तक दक्षिण मुंबई में जनजीवन ठप हो गया था. इस वजह से जहां आम लोगों को परेशानी हुई, वहीं आर्थिक जगत को भी नुकसान उठाना पड़ा. देवड़ा ने कहा कि दक्षिण मुंबई में महाराष्ट्र सरकार का सचिवालय, विधानसभा, मंत्रालय, बीएमसी मुख्यालय, मुंबई और महाराष्ट्र पुलिस के मुख्यालय एवं नौसेना की पश्चिमी कमान का मुख्यालय समेत कई निजी कंपनियों के मुख्यालय हैं.

### संजय ने कहा-शिंदे गुट का यही असली चेहरा

आन्दोलन की वजह से सभी जगह कामकाज प्रभावित होने के अलावा कानून- व्यवस्था का भी संकट खड़ा होता है. ऐसे में इस क्षेत्र में राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राऊत ने देवड़ा के पत्र को आधार बना कर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि



इस पत्र से केंद्रीय मंत्री अमित शाह प्रायोजित शिंदे गुट का असली चेहरा सामने आ गया है. राऊत ने कहा कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटिल के समर्थक मुंबई आए थे. लेकिन अब देवड़ा के पत्र से खुलासा हो गया है कि मराठी लोगों के प्रति इनकी क्या सोच है. यूबीटी सांसद ने पलटवार करते हुए कहा कि दक्षिण मुंबई की जमीन अभी अमीरों के नाम पर नहीं की गई है. ऐसे में जब भी जरूरत होगी, मराठी समाज के लोग दक्षिण मुंबई में आंदोलन के लिए आ सकते हैं. उन्हें कोई भी रोक नहीं सकता है.

### विधायक रोहित पवार ने भी रगड़ा नमक


इससे पहले पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट पर तंज कसते हुए कहा था कि मराठा समाज के लोग आंदोलन के लिए मुंबई नहीं तो क्या सूरत व गुवाहाटी जाएंगे. शरद पवार गुट के राकां विधायक रोहित पवार ने देवड़ा की पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बड़ा सवाल यह है कि क्या मराठा आन्दोलन से पहले गृह विभाग उस समय सो रहा था. क्या गृह विभाग को इस बात की जानकारी नहीं थी कि आंदोलन में कितने लोग आने वाले हैं. रोहित ने आरोप लगाया कि गृह विभाग के पास ऐसी जानकारी होने के बावजूद उसे छिपाया गया और इसे बीएमसी के साथ शेयर नहीं दिया गया. इसका मतलब है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने सांसद मिलिंद देवड़ा के ज़रिए राजनीतिक रूप से गृह विभाग पर निशाना साध रहे हैं.

**अपराध :** OTP साझा किए बिना ही उड़ाई बैंक के खाते से रकम

# कांस्टेबल को ही लगाया चूना

### फ्लिपकार्ट के ज़रिए खरीदे गए दो मोबाइल

मुंबई, अंधेरी में एक ऐसी घटना सामने आई है, जहां एक अज्ञात साइबर ठग ने एक पुलिस कांस्टेबल के बैंक खाते से ऑनलाइन मोबाइल ऑर्डर कर बिना बैंक खाते से जुड़ी कोई भी जानकारी और ओटीपी साझा किए 1.30 लाख रुपये निकाल लिये. इस मामले में पुलिस कांस्टेबल की शिकायत पर वर्सोवा पुलिस ने धोखाधड़ी के साथ-साथ आईटी की धाराओं में मामला दर्ज कर अज्ञात साइबर ठग की तलाश शुरू कर दी है. मुकेश यशवंत जाधव अंबरनाथ के रहने वाले हैं और वर्तमान में वर्सोवा पुलिस स्टेशन में बतौर पुलिस कॉन्स्टेबल कार्यरत हैं. 5 अगस्त को उनकी डे शिफ्ट ड्यूटी थी. सुबह 11:30 बजे, अंधेरी के चार बंगला इलाके में गश्त के दौरान, उन्हें अपने मोबाइल पर बैंक से एक मैसेज मिला. मैसेज में दिखाया गया था कि उनके बैंक खाते से कुछ ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए गए हैं. शक होने पर, वह बैंक गए, वहां पूछताछ करने पर पता चला कि उनके बैंक खाते से 1 लाख 30 हज़ार 592 रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया गया है.



19 अगस्त को उनके बैंक खाते से फ्लिपकार्ट के ज़रिए ऑनलाइन दो मोबाइल फ़ोन, एक ओप्पो और एक एप्पल आईफ़ोन, ख़रीदे गए. हालांकि, उन्होंने ये मोबाइल ऑनलाइन नहीं ख़रीदे थे. उन्होंने बैंक को इसकी सूचना देकर अपना बैंक खाता फ्रीज़ करने का अनुरोध किया. उन्होंने अपने बैंक खाते का कोई भी ओटीपी नंबर किसी से साझा नहीं किया था, फिर भी, किसी अज्ञात साइबर ठग ने उनके खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दो मोबाइल ख़रीद लिए. उनके खाते से 1 लाख 30 हज़ार रुपये निकाल लिए गए. इसके बाद उन्होंने वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत की जांच के बाद, पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी के साथ-साथ आईटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया है. वर्सोवा पुलिस स्टेशन के साइबर सेल अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं. इस घटना से लोगों में हड़कंप मच गया है कि साइबर ठग ने पुलिस कांस्टेबल का बैंक अकाउंट हैक कर लिया है.

## रेलवे ट्रैक पर मिला व्यक्ति का शव

**नवी मुंबई.** पनवेल के पास पाडेघर-गव्हाण फाटा के सामने रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला. जिसे पनवेल शहर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पनवेल स्थित उप जिला अस्पताल में भेजा है. पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 34 साल है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है, उसके परिजनों की तलाश जारी है. अगर किसी के पास उक्त व्यक्ति के बारे में अधिक जानकारी है, तो वह पनवेल शहर पुलिस स्टेशन या पुलिस निरीक्षक सुनील वाघ से संपर्क करे.

## गणेशोत्सव : बप्पा की निकली शोभायात्रा



**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर गणेश उत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. टर्मिनल 2 परिसर में गणेश जी की पालखी शोभायात्रा का आयोजन किया गया. यात्रियों ने भी इस पालखी शोभायात्रा का आनंद लिया.

**बैठक :** संतुष्ट दिखे राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे

# चुनावी तैयारी की समीक्षा



मुंबई, महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने शुक्रवार को बीएमसी मुख्यालय में आयोजित बैठक में आम चुनाव पूर्व तैयारियों की समीक्षा की. राज्य चुनाव आयोग ने आम चुनावों की पृष्ठभूमि में बीएमसी प्रशासन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया. बीएमसी एवं प्रशासक भूषण गगरानी, अतिरिक्त आयुक्त (नगर) डॉ. अश्विनी जोशी, राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी, कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, मुंबई शहर की जिला कलेक्टर आंचल सूद गोयल,

### विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

- विशेष कार्य अधिकारी (चुनाव) विजय बालमवार ने कंप्यूटर प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव पूर्व तैयारियों की जानकारी दी. वाघमारे ने बीएमसी क्षेत्र में मतदाताओं और मतदान केंद्रों की कुल संख्या, मतदाता सूची का विभाजन, प्रस्तावित मतदान केंद्रों का वर्गीकरण, आवश्यक मतदान मशीनें, मतदान मशीनों के भंडारण की व्यवस्था, चुनाव साहित्य, मतदान केंद्रों पर सुविधाएं, चुनाव के लिए आवश्यक अधिकारी और कर्मचारी जैसे विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की और तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया.
- केंद्रीय चुनाव आयोग ने पिछले विधानसभा चुनाव में बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित किया, जिसके लिए वाघमारे ने गगरानी का आभार व्यक्त किया.

# केंद्र का विस्थापितों को जमीन देने से इनकार



**नवी मुंबई,** जेएनपीए बंदरगाह के लिए 40 साल पहले विस्थापित हुए शेवा कोलीवाड़ा के ग्रामीणों के लिए जमीन का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी का इंतज़ार कर रहा है. हालांकि, केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है और जमीन देने से इंकार कर दिया है.इससे कोलीवाड़ा के विस्थापितों के पुनर्वास में देरी होगी. जेएनपीए बंदरगाह के निर्माण के लिए शेवा कोलीवाड़ा गांव को 1985 में विस्थापित किया गया था.गांव के पुनर्वास के लिए 256 परिवारों को क्लस्टर (समूह) पुनर्वास का विकल्प दिया गया है. इससे ग्रामीणों में असंतोष फैल गया है. जेएनपीए प्रशासन ने कोली वाड़ा गांव के पुनर्वास के लिए 10.6 हेक्टेयर भूखंड उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा था.

### खतरनाक घरों में रहने को मजबूर लोग

इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए बिना उस स्थान पर क्लस्टर (समूह विकास) का विकल्प दिया गया है. कुछ दिन पहले, शेवा कोलीवाड़ा की महिलाओं ने पुनर्वास की मांग को लेकर 15 अगस्त को चौथी बार जेएनपीए जहाजों को रोकने की चेतावनी दी थी. उसके बाद, ग्रामीणों ने फुंडे और जेएनपीए श्रमिकों की बस्ती के बीच आरक्षित 10 .6 हेक्टेयर भूखंड पर भूमि पूजन किया. यह पूरा गांव 1992 से भूस्खलन से तबाह है. इस वजह से यहां के नागरिकों को अपने परिवारों के साथ खतरनाक घरों में रहना पड़ रहा है. विस्थापित होने के बाद, 4 पीढ़ियां आज तक आस-पास ही रह रही हैं. खतरनाक आश्रय के साथ-साथ, विस्थापितों के रोजगार का मुद्दा भी गंभीर हो गया है .शेवा कोलीवाड़ा के ग्रामीणों के पुनर्वास सहित कई समस्याएं और सवाल लंबित हैं .आक्रोशित ग्रामीणों ने ठान लिया है कि पहले कोली वाड़ा गांव का पुनर्वास किया जाए, उसके बाद ही बंदरगाहों का विस्तार किया जाए. जेएनपीए ने गांव के पुनर्वास के लिए 10 .50 हेक्टेयर विकसित भूमि उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की है.

# भाजपा की नयी जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**मीरा-भाईंदर,** भारतीय जनता पार्टी मीरा-भाईंदर शहर की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष दिलीप जैन ने की है. प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक रविंद्र चव्हाण के मार्गदर्शन में गठित इस कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं. घोषित 90 सदस्यीय कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 4 सचिव, 8 सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं. संगठन में 30 प्रतिशत महिला पदाधिकारियों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है. साथ ही डॉक्टर एवं वकीलों को भी प्राथमिकता प्रदान की गई है. घोषित पदाधिकारियों में मुख्य रूप से अध्यक्ष दिलीप रूपचंद जैन, उपाध्यक्ष संजय वसंत थरथरे, दयानंद सोनू शिर्के, रशीद मोहम्मद बिस्मिल अनवर, गजेन्द्र नरपतचंद भंडारी, शंकर अंकुश विरकर, लक्ष्मण बुधाजी कांदलगांवर, गीता गिरीश वासुदेव, हरिराम नारायण जांगिड़ का समावेश है.

# युवक ने नाले में लगा दी छलांग

### प्रेमिका के साथ पकड़े जाने पर उठाया घातक कदम

**नवी मुंबई,** बीती आधी रात को एक व्यक्ति ने ऐरोली क्रीक ब्रिज से छलांग लगा दी, क्योंकि उसकी पत्नी ने उसे एक लॉज में दूसरी महिला के साथ देख लिया था. इसकी सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग ने दो घंटे तक तलाशी अभियान चलाया. यह सोचकर खोजबीन रोक दी गई कि वह बह गया है, लेकिन गुरुवार सुबह वह कीचड़ में फंसा हुआ मिला. जानकारी के अनुसार ठाणे इलाके में रहने वाले एक रिक्शा चालक को उसकी पत्नी ने बुरी तरह पीटा था. उसे पता चला था कि उसके पति का विवाहेतर संबंध है. इसी आधार पर वह अपने पति पर नज़र रखती थी और जब उसे पता चला कि वह किसी दूसरी महिला के साथ एक लॉज में गया है तो पत्नी ने वहां धावा बोल दिया. पत्नी के आने की भनक लगते ही यहां से भागा पति रिक्शा से ऐरोली क्रीक ब्रिज पहुंच गया. वहां से उसने पत्नी को फ़ोन करके गलती की माफ़ी मांगी और कहा कि वह क्रीक ब्रिज से नीचे कूदकर आत्महत्या कर रहा है. साथ ही रबाले पुलिस और ऐरोली के दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचे. दमकल विभाग ने उस व्यक्ति की तलाश शुरू की लेकिन वह नहीं मिला तो दमकल कर्मी यह सोचकर वापस आ गये, शायद वह पानी में बह गया होगा.



लेकिन अगले दिन सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पुल से कुछ दूरी पर एक युवक कीचड़ में फंसा हुआ है. इसके बाद पुलिस की एक टीम नाव में सवार होकर उसे बाहर निकालने गई. पूछताछ में पता चला कि कीचड़

**अपराध :** नकली चाभी से रिश्तेदार के घर चोरी का मामला

# तलोजा से महिला गिरफ्तार

**मुंब्रा,** मुंब्रा पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर के दरवाजे को डुप्लीकेट चाभी से खोलकर 24 लाख से अधिक के जेवरात और नगदी चुराने वाली महिला को तलोजा से गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस ने उसके पास से 35 तोला जेवरात और 20 हज़ार रुपए जब्त किया है. आरोपी का नाम सानिया सरिक वेग( 29) बताया गया है जो नवी मुंबई के तलोजा इलाके की रहने वाली है. मुंब्रा पुलिस स्टेशन में गुरुवार दोपहर आयोजित पत्रकार परिषद में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया कि नूर महल में रहने वाली हिना सज्जाद अली सुर्वे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि



वह 15 अगस्त को अपनी मां के घर गई थी. इस बीच घर में रखे 35 तोले सोने के जेवरात और 20 हजार रुपए चोरी हो गए. अपराध अन्वेषण विभाग के सहायक पुलिस निरीक्षक विनायक माने ने जांच के दौरान तलोजा निवासी महिला को गिरफ्तार किया.

## रेलवे की सख्ती, बिना हिसाब का पैसा जब्त

**मुंबई.** यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता पर लगातार जोर दे रही रेलवे ने शुक्रवार सुबह एलटीटी पर बड़ा चेकिंग अभियान चलाया. 22116 कर्माली–एलटीटी एसी एक्सप्रेस में की गई रोकथाम जांच (प्रिवेंटिव चेक) के दौरान टिकट निरीक्षक कार्यालय में 11,000 रुपये अतिरिक्त निजी नकद और 25,920 रुपये बिना हिसाब का पैसा बरामद हुआ. दोनों ही रकम को तुरंत रेलवे के 'संड्री अकाउंट' में जमा कराया गया. रेलवे सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई

## बिल्डर के साथ 1.23 करोड़ की धोखाधड़ी




**नवी मुंबई,** खारघर में रहने वाले एक बिल्डर को सट्टेबाजी में भारी कमाई का लालच देकर ठगों ने 1 करोड़ 23 लाख 85 हजार रुपए का चूना लगाया. नवी मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया का ठगी का शिकार हुआ बिल्ड़र खारघर के सेक्टर 12 स्थित तुलसी सोसायटी में रहता है. अगस्त के महीने में एक महिला ने उससे से संपर्क किया और उसे सट्टेबाजी के लिए तैयार किया. पुलिस ने बताया कि इस महिला ने वेबसाइट का लिंक भेजा. इसके बाद बिल्डर ने उसे उक्त रकम भेजी, लेकिन उसे मूलधन और मुनाफा दोनों नहीं मिला. इसकी शिकायत पुलिस थाने में की है.

# प्रांत ऑफिस के सामने किया धरना-प्रदर्शन

### OBC से मराठों को जाति प्रमाण पत्र देने से नाराज



**भिवंडी,** मुंबई में मनोज जरांगे के सफल आंदोलन के बाद ओबीसी वर्ग से मराठों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का ओबीसी समाज कड़ा विरोध कर रहा है. इसी के तहत राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की ओर से राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है. इसी क्रम में भिवंडी में महासंघ के तालुका अध्यक्ष भगवान ठाकुर के नेतृत्व में भिवंडी उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन में पूर्व विधायक योगेश पाटिल, रूपेश म्हात्रे, शिवसेना ठाकरे गुट के उपनेता विश्वास थले, सोनया पाटिल, सुरेश पाटिल, यशवंत सोरे, तानाजी मोरे, मनोज गगे, विनोद पाटिल, विराज चोरघे, दिलीप नाईक, नंदिनी भोईर, नलिनी चौधरी, शोभा म्हात्रे, सुनील पाटिल, ज्ञानेश्वर मुकादम, मनोहर तारे और बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोग शामिल हुए.

### महाज्योति संस्था के लिए 1000 करोड़ का करें प्रावधान

प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार अभिजीत खोले को अपनी मांगों का एक पत्र सौंपा गया. ज्ञापन में मांग की गई है कि मराठा जाति को ओबीसी वर्ग में शामिल नहीं किया जाए. ओबीसी बच्चों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाए. विदेश में शिक्षा के लिए ओबीसी मेधावी छात्रों की संख्या 75 से बढ़ाकर 200 की जाए. राज्य सरकार महाज्योति संस्था के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान करें.

# कर्मचारियों को मिलेगा अब बड़ा राहत पैकेज

### कामगार राज्य बीमा महामंडल की 'स्प्री-2025' योजना

■ **मुंबई, (सं.)** कामगार राज्य बीमा महामंडल ने बोईसर स्थित वलसाड जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ मर्यादित (वसुंधरा डेयरी) में आयोजित विशेष बैठक में अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'स्प्री-2025' का प्रचार किया. इस योजना के तहत अब कंपनियों और कर्मचारियों को ईएसआईसी से जुड़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा. वह भी बिना किसी पिछली बकाया राशि या जुर्माना चुकाए. 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहने वाली यह स्कीम देशभर के हजारों अपंजीकृत कर्मचारियों और संस्थानों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराएगी. बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस योजना से कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, बीमारी भत्ता, दुर्घटना और मातृत्व लाभ, पेंशन जैसे सुरक्षा कवच मिलेंगे. वसुंधरा डेयरी प्रबंधन ने कहा कि उनके यहां जो भी कर्मचारी पात्र हैं, उन्हें जल्द ही योजना के अंतर्गत लाया जाएगा. उन्होंने इसे कर्मियों के हितों की रक्षा की दिशा में मील का पत्थरर बताया.

# विवादों में घिरा हिल गैलेक्सी प्रोजेक्ट

### धार्मिक आधार पर जारी विज्ञापन पर रोक लगाने की मांग

■ **मीरारोड, (सं.)** मीरारोड पूर्व के विनय नगर में निर्माणाधीन हिल गैलेक्सी बिल्डिंग प्रोजेक्ट विवादों में घिर गया है. बिल्डिंग के मार्केटिंग विभाग द्वारा एक समुदाय विशेष के लिए सुविधाएं प्रदान करने का दावा करते हुए बड़े - बड़े विज्ञापन दिए गए हैं. कांदिवली पूर्व के विधायक अतुल भातखलकर ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को पत्र लिखकर मीरारोड के



(फाईल फोटो)

इस प्रोजेक्ट में केवल मुस्लिम समुदाय के लिए आवास परिसर और मस्जिद निर्माण का प्रचार करने वाले विज्ञापनों पर आपत्ति जताई है. भातखलकर ने कहा कि ऐसे विज्ञापन संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन कर समाज में वैमनस्य और गुटबाजी फैलाते हैं. उन्होंने इसे "ज़मीन जिहाद" करार देते हुए सरकार से मांग की कि इस पर तत्काल रोक लगाई जाए और

**उपलब्धि** | पिछले वर्ष के 61वें पायदान से उछल कर 54वें स्थान पर पहुंचा

# NIRF रैंकिंग में MU का शानदार प्रदर्शन




**मुंबई,** मुंबई विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन किया है. पिछले वर्ष की तुलना में मुंबई विश्वविद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में 61वें स्थान से 54वें स्थान पर पहुंच गया है. मुंबई विश्वविद्यालय ने 52.48 अंक प्राप्त करके देश के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन किया है. जबकि सामान्य श्रेणी में मुंबई विश्वविद्यालय ने 49.80 अंक प्राप्त करके देश के सर्वश्रेष्ठ 100 विश्वविद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त किया है.

### मुंबई विश्व विद्यालय को 52.48 अंक मिले


मुंबई विश्वविद्यालय ने 52.48 अंक प्राप्त कर महाराष्ट्र के पारंपरिक राज्य विश्वविद्यालयों की सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है. देश के पारंपरिक राज्य विश्वविद्यालयों की सूची में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है और पिछले वर्ष के 18वें स्थान से उछलकर 12वें स्थान पर पहुंच गया है. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआयआरएफ) द्वारा देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की 2025 सूची की घोषणा की गई. इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने अच्छा प्रदर्शन किया है. पांच श्रेणियों में विभाजित मानदंडों के अनुसार 100 अंकों में से मुंबई विश्वविद्यालय को ग्रेजुएशन आउटकम (जीओ) में 88.25, टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्सेज (टीएलआर) में 64.43, आउटरीच एंड इंक्लूजन



(ओआई) में 58.88, परसेप्शन में 37.51 और रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस (आरपीसी) में 19.54 अंक प्राप्त हुए हैं. कुल 52.48 अंकों के साथ मुंबई विश्वविद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की सूची में 54वें स्थान पर पहुंच गया है और महाराष्ट्र के पारंपरिक राज्य विश्वविद्यालयों की सूची में पहले स्थान पर पहुंचा है.

### रैंकिंग में सुधार के लिए व्यापक योजनाएं तैयार

- पिछले पांच वर्षों में मुंबई विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में अपनी समग्र और निरंतर रैंकिंग में सुधार किया है. विश्वविद्यालय ने तीन मानदंडों - शिक्षण अधिगम और संसाधन, स्नातक परिणाम व आउटरीच एवं समावेशिता में गुणवत्तापूर्ण कार्य किया है.
- विश्वविद्यालय ने रैंकिंग में सुधार के लिए व्यापक योजनाएं तैयार की हैं, ये हैं- यूडीआरएफ का प्रभावी कार्यान्वयन, शोध के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान और प्रकाशन के लिए संकाय को प्रोत्साहित करना, जिसके परिणाम निकट भविष्य में अवश्य दिखाई देंगे.



## हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**मुंबई.** लालबाग के राजा का दर्शन कर लौट रहे स्कूटी चालक को बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जानकारी के अनुसार लालबाग के राजा का दर्शन कर लौट रहे स्कूटी चालक को पवई में जे.वी.एल.आर. मार्ग पर भवानी पेट्रोल पंप के पास बेस्ट बस ने टक्कर मार दी. जिससे एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया.दुर्घटना में मारे गए युवक का नाम देवांश पटेल है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक का नाम स्वप्निल विश्वकर्मा है. पुलिस ने बताया कि दोनों अंधेरी के एमआईडीसी इलाके के निवासी हैं.

# दिवाले के कायापलट के बाद वेतालेश्वर मंदिर का भूमिपूजन



**नवी मुंबई,** स्मार्ट गांव परियोजना के तहत नवी मुंबई के पहले स्मार्ट गांव दिवाले गांव को विधायक मंदा म्हात्रे ने केवल 3 वर्षों में बदल दिया है. विधायक मंदा म्हात्रे के प्रयास से दिवाले कोलीवाड़ा में वेतालेश्वर मंदिर का शिलान्यास समारोह वरिष्ठ नागरिक कृष्णा कोली के हाथों से किया गया. दिवाले गांव के विकास के लिए 3,44,52,451 रुपये मंजूर कराई गई है. आयोजित कार्यक्रम में विधायक मंदा म्हात्रे विश्वास व्यक्त किया कि मंदिर के निर्माण से गांव का धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन समृद्ध होगा. वेतालेश्वर मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र और गांव की एकता का केंद्र होगा. मंदा म्हात्रे ने कहा कि मंदिर भूमि पूजा ने गांव की धार्मिक परंपरा को एक नया आधार दिया है और आने वाले समय में यह मंदिर दिवाले गांव की पहचान बनेगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर क्षेत्र में शीघ्र ही विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

# पर्सनल ग्रूमिंग से निखरेगी खूबसूरती

हर कोई सुंदर और आकर्षक दिखना चाहता है. जब पर्सनल ग्रूमिंग की बात आती है, तो इसमें कई चीजें शामिल होती हैं. यदि आप भी खुद की पर्सनैलिटी को निखारना चाहती हैं, तो इन ग्रूमिंग टिप्स का ध्यान रखें. इससे आप न सिर्फ अच्छी नजर आएंगी, बल्कि इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और पर्सनैलिटी भी बेहतर होगी. ये कुछ ऐसे खास पर्सनल ग्रूमिंग टिप्स हैं, जिन्हें अपनाकर आपकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे.



## महीने में एक बार जाएं ब्यूटी पार्लर

त्वचा और बाल यदि स्वस्थ नजर आते हैं, तो आपकी पूरी पर्सनैलिटी आकर्षक दिखती है. बाल, त्वचा, हाथों-पैरों की देखभाल अच्छी तरह से करना बेहद आवश्यक है. ऐसे में आप महीने में एक बार पार्लर जरूर जाएं. अच्छी दिखने के लिए भौंहें और ऊपरी होंठ के बालों को हटाना भी बहुत जरूरी है. हाथों, पैरों की वैक्सिंग नियमित रूप से कराएं. मैनीक्योर-पैडीक्योर कराती रहें. नाखूनों को काटकर रखें. बड़े हैं तो उन्हें अच्छे शेप में और साफ रखें.

## त्वचा की देखभाल जरूरी

पर्सनल ग्रूमिंग में सबसे जरूरी है कि आप अपनी त्वचा को समझें और उसके अनुसार देखभाल करें. आपकी स्किन किस प्रकार की है, उसे जानकर ही मेकअप और स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें. बेहतर होगा कि आप त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय लें. केमिकल युक्त ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कम करें. डेली स्किन केयर रूटीन बनाएं और घरेलू नुस्खे आजमाएं.

## बाल कटवाती रहें



हर समय एक ही हेयर स्टाइल रखने से भी पर्सनैलिटी में बदलाव नजर नहीं आता. 6 महीने या एक साल की गैप में हेयर कट कराएं. अलग-अलग हेयरस्टाइल ट्राई करें. खुले, बिखरे, डल, बेजान बालों में आपका पूरा व्यक्तित्व खराब नजर आता है. ऐसे में अपने चेहरे के आकार के अनुसार बाल कटवाना भी बेहतर आइडिया हो सकता है. एक सही हेयर कट आपके व्यक्तित्व को पूरी तरह से बदल सकता है.

## करें लाइट मेकअप



हर दिन हैवी मेकअप करके ऑफिस या कहीं बाहर जाना अच्छा आइडिया नहीं होता. मेकअप बिल्कुल न करना भी ठीक नहीं. ऐसे में आप लाइट मेकअप करें. मेकअप दिन और रात के अनुसार ही करें. आप काजल, कॉम्पैक्ट पाउडर, हल्के रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं. यह सिंपल मेकअप लुक आपको प्रेजेंटेबल और अच्छी तरह से तैयार दिखने में काफी मदद करता है.

## ड्रेस के चुनाव में रखें ध्यान

हर बॉडी शेप पर सभी स्टाइल के कपड़े सूट नहीं करते. ऐसे में कपड़ों का चुनाव अपनी बॉडी टाइप के अनुसार ही करना चाहिए. कपड़े शरीर पर अच्छी तरह से फिट और सूट करें, ऐसी ही ड्रेस खरीदें, जिसमें आप कंफर्टेबल महसूस करें. अगर आप किसी महत्वपूण काम के लिए जा रही हैं, तो कपड़े साफ और आयरन किए हों. आपकी ड्रेसिंग सेंस, पहनावे का तरीका भी आत्मविश्वास को बढ़ाता है.



## हेल्दी डाइट लें

इन सभी टिप्स के साथ ही फिजिकली फिट नजर आने के लिए हेल्दी डाइट लेना भी बहुत महत्वपूर्ण है. बैलेंस्ड डाइट से न सिर्फ आप अपना वजन कम कर सकती हैं, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखता है. इससे आप शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छा महसूस करेंगी और सभी कार्य को बेहतर तरीके से पूरा कर पाएंगी.

---

अक्सर महिलाओं को यह शिकायत होती है कि उनके पति घर के काम में उनका हाथ नहीं बंटाते. काम पर जाने से पहले और आने के बाद उनका एक ही काम होता है, चाय पीना और मोबाइल में खो जाना. वे घर के काम में जुटी रहती हैं और जब अपने पति को घर के काम में मदद करने के लिए कहती हैं तो वह आलस करने लगते हैं. वैसे यह तो आप जानती ही होंगी कि पति से घर का काम करवाना इतना भी आसान नहीं होता. लेकिन, थोड़े धैर्य और दिमाग से काम लेंगी तो आपकी बात बन सकती है. इसके लिए आप इन टिप्स को अपनाकर घर के कामों में पति की मदद ले सकती हैं.

# घर के कामों में हाथ बटाएंगे आपके पति



## शुरुआत हल्के कामों से

आपने अक्सर देखा होगा कि आपके पति घर के कामों से बचने की कोशिश करते होंगे, चाहे वह घर का कोई भी काम हो. हर रोज बर्तन धोने से लेकर खाना बनाने और सफाई करने तक की सारी जिम्मेदारी सिर्फ आपके ही ऊपर होती है. ऐसे में पति को पहले छोटे-छोटे काम देना शुरू करें. उन्हें कुछ ऐसे काम दें जो आसान हों, जैसे आप उन्हें सब्जी काटने को दें या बच्चों को पढ़ाई करवाने के लिए कहें.

## झगड़ना और गुस्सा करना छोड़ें

अगर आप चाहती हैं कि आपके पति में कुछ अच्छा बदलाव दिखे तो आपको धमकी और तर्क नहीं देना चाहिए, क्योंकि यह आपके पति को और ज्यादा ढीठ बना देगा. आपको अपने पति पर कम गुस्सा करना होगा क्योंकि ज्यादा गुस्सा करने से आपके रिश्ते में मनमुटाव हो सकता है.

## परिवार के सुपरहीरो हैं वो

आपको अपने पति को यह दिखाना और जताना होगा कि वह आपके और आपके परिवार के सुपरहीरो हैं और उनकी मदद के बिना आप आसानी से काम नहीं कर पाएंगी. उन्हें यह बताएं कि घर के काम में ऐसी कई चीजें हैं, जो केवल वही कर सकते हैं. जब आप अपने पति को जरूरत महसूस करवाएंगी तो वह खुद को परिवार के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण समझने लगेंगे. यह भावना उन्हें आलसीपन से निकालने में मदद करेगी.

## करें उनके काम की प्रशंसा

अगर आपके पति कुछ अच्छा काम करते हैं तो उनकी तारीफ भी आपको करनी चाहिए. भले ही वह छोटे से छोटे कामों में ही आपकी मदद कर रहे हों, पर आपको उन्हें पॉजिटिव बातें कहनी चाहिए. लंबे समय के बाद छोटे-छोटे काम उन्हें बदलने में मदद करेंगे.

---

मानसून के वक्त हवा में ज्यादा नमी होने के बावजूद शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरूरी होता है. बारिश के पानी में मौजूद दूषित पदार्थों और कमजोर इम्युनिटी सिस्टम के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. ऐसे में यहां कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ दिए गए हैं, जो आपको मानसून में हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहने में मदद कर सकते हैं.

# हेल्दी डाइट से रहें मानसून में भी हाइड्रेटेड



## तरल पदार्थ

- **पानी** - दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है.
- **नारियल पानी** - यह प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर होता है और शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है.
- **छाछ** - यह पाचन के लिए अच्छी होती है और दस्त से बचाती है.
- **हर्बल चाय** - तुलसी, अदरक और पुदीने की बनी हर्बल चाय हमारी इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करती है.

## फल और सब्जियां

- **फल** - सेब, अनार, पपीता, खरबूजा, तरबूज, मौसमी, संतरा, आंवला और जामुन जैसे फल पानी और विटामिन से भरपूर होते हैं.
- **स्थानीय खाद्य पदार्थ खाएं** - स्थानीय रूप से उगाए जाने वाले मौसमी फलों और सब्जियों को प्राथमिकता दें. वे ताजे, अधिक किफायती होते हैं, और उनमें पानी की मात्रा अधिक होती है.
- **सब्जियां** - खीरा, ककड़ी, टमाटर, लौकी और हरी पत्तेदार सब्जियां भी हाइड्रेशन के लिए बेहतरीन हैं.

## अन्य खाद्य पदार्थ

- **दही** - यह प्रोबायोटिक्स का अच्छा स्रोत है जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है.
- **खिचड़ी** - यह एक हल्का और पौष्टिक भोजन है जो मानसून के दौरान अच्छा रहता है.
- **गर्म और आरामदायक सूप** - अदरक, लहसुन और हल्दी जैसे गरम मसालों के साथ सब्जी या दाल का सूप चुनें. वे न केवल हाइड्रेटिंग हैं बल्कि कंजेशन को दूर करने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने में भी मदद करते हैं.
- **साइट्रस पावर** - अंगूर, संतरे और नींबू जैसे फलों को न भूलें. वे विटामिन सी प्रदान करते हैं, जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है और मानसून के दौरान आम संक्रमण से लड़ने में मदद करता है.
- **स्प्राउट पावर** - दालें पचाने में आसान होती हैं, पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं.

## ध्यान रखें

- खाने से पहले सभी फलों और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाएं.
- किसी विशेष खाद्य समूह का अधिक सेवन न करें.
- तला हुआ, मसालेदार और भारी भोजन से बचें.
- कैफीन और अल्कोहल का सेवन कम करें.
- नियमित रूप से व्यायाम करें.
- खूब सारा पानी पीते रहें.

---

# कहीं आप तो नहीं मेकअप की आदी

शायद ही कोई महिला होगी जो यह नहीं चाहती कि वह और खूबसूरत दिखें. इसलिए मेकअप के जरिए वह और खूबसूरत दिखने की कोशिश करती हैं, उन्हें लगता है कि बिना मेकअप वे खूबसूरत नहीं दिखेंगी और बिना मेकअप उनका आत्मविश्वास कम हो जाता है. लेकिन इसका आदी होना गलत है. ऐसे में जानिए की कहीं आप भी तो मेकअप की आदी नहीं है.

- मेकअप ट्रेंड पर हमेशा रखती हो नजर.
- मेकअप किए बिना थोड़ी देर भी नहीं रह सकती.
- आप ऑनलाइन-ऑफलाइन कॉस्मेटिक खरीदती रहती हैं, चाहे जरूरत हो या न हो.
- मेकअप प्रोडक्ट इकट्ठे करने की आदत है. आपका पर्स मेकअप उत्पादों से भरा रहता है.
- जब खाली समय होता है, आप मेकअप से जुड़े वीडियो देखती हैं या ज्यादातर इस बारे में ही पढ़ना पसंद करती हैं.
- किसी से मिलती हैं, तो थोड़ी ही देर बाद मेकअप प्रोडक्ट के बारे में बात करने लगती हैं.
- मेकअप ट्रेंड पर आपकी हमेशा नजर रहती है. मेकअप इंफ्लुएंसर के बारे में जानकारी जुटाती रहती हैं.

## खूबसूरती का पैमाना

असल में चेहरे की खूबसूरती ही असली खूबसूरती नहीं होती. खूबसूरती व्यक्तित्व से झलकती है. इसलिए बेहतर यह है कि कुछ खास मौकों पर ही मेकअप करें. मेकअप की परत के नीचे त्वचा को सांस ही न लेने देना गलत है. इससे खूबसूरती बढ़ती नहीं, बल्कि कुछ समय बाद त्वचा खराब हो जाती है.

## नेचुरल प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें

- नेचुरल प्राइमर का इस्तेमाल करें. इसे आप घर पर बना सकती हैं. इसके लिए थोड़ा-सा कोकोनट ऑयल और एलोवेरा जेल लेना है.



दोनों को मिलाकर प्राइमर की तरह इस्तेमाल करें.

- गुलाब की पत्तियों को गुलाबजल में भिगोकर होठों पर धीरे-धीरे रगड़ें. इससे लिपस्टिक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी.
- काजल को ही लाइनर के रूप में इस्तेमाल करें. कोकोआ पाउडर को रोज वाटर में मिला लें, लाइनर तैयार है.
- चुकंदर से ब्लश तैयार करना आसान होता है. इसके लिए चुकंदर उबालें. गाढ़े पल्प में थोड़ी ग्लिसरीन मिलाकर ब्लश बनाएं.

---

# बारिश में करें बागवानी

मानसून या बरसात का समय कटिंग या बीज से किसी भी पौधे को लगाने का सबसे अच्छा समय होता है. इस मौसम में पालक, अरबी, चौलाई, मेथी, करेला, लौकी, बीन्स (सेमफली, लोबिया, राजमा) भिंडी, मूली, फूलगोभी, तुरई, प्याज, पत्तागोभी, खीरा, कद्दू और बैंगन आदि सब्जियां उगाई जा सकती हैं. ऐसे में अगर आपने घर पर कभी सब्जियां नहीं उगाई हैं, तो इन तरीकों से आप इस बारिश के मौसम से शुरुआत कर सकते हैं.



## मिट्टी को करें तैयार

सही तरीके से मिट्टी तैयार करें. इससे पौधों की वृद्धि अच्छी होती है. सब्जियों के लिए उपजाऊ मिट्टी तैयार करने के लिए 50 प्रतिशत सामान्य मिट्टी, 30 प्रतिशत खाद/ वर्मीकंपोस्ट (केंचुआ खाद) और 20 प्रतिशत कोकोपिट (नारियल के छिलके का पाउडर) मिला लें. आप इस पॉटिंग मिक्स में तकरीबन हर तरह की सब्जी आराम से उगा सकते हैं.



## सेम की फली

बीजों को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रखें. दूसरे दिन बीजों को सीडलिंग ट्रे में लगा दें. 10 दिन बाद पौधों को गमलों में लगा दें. इसके लिए 24 इंच या उससे बड़ा गमला लें. पॉटिंग मिक्स भरकर पौधों को गमलों में लगा दें. चार-पांच हफ्ते में बेल अच्छी तरह से फैल जाती है. बेलों को बढ़ने के लिए सहारे की जरूरत होती है, इसलिए बेल को सहारे से बढ़ाएं. लगभग 60-70 दिन बाद सेम की बेल खिल जाएगी.

## कद्दू

कद्दू के बीज को सीडलिंग ट्रे में करीबन 2 सेंटीमीटर गहरा गड्ढा करके लगाएं. इन बीजों से सबसे पहले छोटे पौधे तैयार करें. तकरीबन 7 दिन में इसके बीज अंकुरित हो जाएंगे. दो हफ्ते बाद जब पौधे थोड़े बड़े हो जाएं, बड़े गमले में ट्रांसफर कर सकते हैं. कद्दू की बेल के लिए बड़ा कंटेनर लें. ध्यान रहे, एक



कंटेनर में एक ही पौधा लगाएं. 30 दिन में इसमें फूल आने शुरू हो जाएंगे. इस दौरान इसमें नियमित रूप से खाद और पानी देते रहें. पौधा लगने के 90 दिन बाद कद्दू हार्वेस्टिंग के लिए तैयार हो जाएंगे.

## खीरा

खीरे के बीज लगाने के लिए 15 से 18 इंच का गमला लें. पॉटिंग मिक्स भरकर पानी का छिड़काव करें. इसमें खीरे के बीज लगा दें. अब फिर से इसमें पानी देकर छांव वाली जगह पर रख दें. लगभग एक हफ्ते में बीज अंकुरित हो जाएंगे. अब गमलों को धूप में रखें. नियमित तौर पर जरूरत के हिसाब से पानी देते रहें. लगभग एक महीने के बाद से पौधों में जैविक खाद डालना शुरू करें. इसके लिए आप गोबर की खाद, नीमखली और सरसों की खली दे सकते हैं.

## तुरई

डिस्पोजल गिलास में वर्मीकम्पोस्ट या गोबर की खाद भरकर दो-दो बीज लगा दें और हल्का पानी दें. बीजों के जल्दी अंकुरित होने के लिए इसे एक प्लास्टिक से ठीक से कवर कर दें. 4 से 5 दिन में अंकुरण हो जाएगा. 15 दिन में पौधा गमले के लिए तैयार हो जाएगा. 15 से 20 इंच के गमले में इसे लगाएं. करीबन 2 महीने में इसमें फूल आना शुरू हो जाएंगे.

## टमाटर

टमाटर का पौधा लगाने के लिए प्लांटर्स में पॉटिंग मिक्स डालकर टमाटर के स्लाइस सीधा रख सकते हैं. ऊपर से हल्की-हल्की मिट्टी डालें और पानी छिड़क दें. नियमित पानी डालें, मिट्टी नम है तो 1-2 दिन बाद पानी दें. पौधा थोड़ा बड़ा होने लगे, तो घर पर बने माइक्रो-न्यूट्रीएंट का स्प्रे करें. जब पौधों पर फूल आने लगे तो हल्की-सी गुड़ाई करें और खाद डालें.

---

# कलर्स के 'पति पत्नी और पंगा' में गोविंदा के साथ अपनी ज़िंदगी के बारे में सच साझा किया

## सुनीता आहूजा ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

दानिश खान

अपनी बेबाकी, दिल को छू लेने वाली हंसी और कभी न चूकने वाले पंचलाइन के लिए इंटरनेट पर छाईं सुनीता आहूजा ने हमेशा अपने बिंदास अंदाज़ में अपनी बात रखी है। गोविंदा की पत्नी ने बार-बार दिखाया है कि वह शालीनता, धैर्य और सही हास्य के साथ शोरगुल से ऊपर उठना बखूबी जानती हैं।कलर्स के 'पति पत्नी और पंगा - जोड़ियों का रियलिटी चेक' में, सुनीता ने अतिथि भूमिका निभाई और अपने इर्द-गिर्द घूम रही अफवाहों का निर्णायक ढंग से जवाब दिया। शादी के उतार-चढ़ाव और मज़ेदार पलों को दिखाने वाले इस शो में, उनकी निजी ज़िंदगी का चर्चा का विषय बनना स्वाभाविक ही था। अपनी शैली के अनुरूप, उन्होंने बेबाकी और निडरता से इन अफवाहों का सीधा सामना किया।अपनी हालिया उपस्थिति के दौरान, सुनीता ने कहा, ?क्या चालीस साल मामुली होता है कितना? हर इंसान गलती करता है, पर हर चीज का एक उमर होता है। जब 62 साल की उम्र में इतने बड़े-बड़े बच्चे हो जाएं, तो क्या इंसान गलती कैसे कर सकता है??पूरी कहानी जानने को उत्सुक हैं? सुनीता आहूजा का कबूलनामा जानने के लिए पति पत्नी और पंगा का सप्ताहांत एपिसोड देखें।निविया बॉडी मिल्क प्रस्तुत करता है 'पति पत्नी और पंगा - जोड़ियों का रियलिटी चेक' शुगर फ्री ग्रीन, राजधानी बेसन, कैडबरी डेयरी मिल्क, पौर होम एयर फ्रेशनर, एनवी परफ्यूम्स और लोरियल पेरिस हायल्यूरॉन प्योर द्वारा सह-संचालित। विशेष भागीदार कोलगेट और कैच मसाले, प्रत्येक शनिवार और रविवार को रात 9:30 बजे, केवल कलर्स पर।



---

अलमारी घर का अहम हिस्सा होती है. व्यवस्थित अलमारी जहां लाइफ को आसान बना देती है, वहीं अव्यवस्थित अलमारी मुश्किलें बढ़ा देती है, सामान लोहे की अलमारी में रखा जा रहा हो तो इतना टेन्शन नहीं होता, लेकिन अगर अलमारी लकड़ी की है तो, सामान रखने से पहले और बीच-बीच में भी देखभाल की आवश्यकता होती है. ऐसे में यह कुछ टिप्स हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी अलमारी को सुव्यवस्थित रख सकती हैं.

# हर मौसम में रखें अपने वार्डरोब को अपडेट

- अलमारियों में कपड़े रखने से पहले कपड़ों को अच्छी तरह सुखा लें.
- अलमारी को अच्छी तरह से पोंछ कर साफ करें, फिर थोड़ी-सी नीम की सूखी पत्तियां बिछाकर उन पर पेपर बिछाएं फिर कपड़े रखें.
- अपनी किमती साड़ियां और सूट को एक प्लास्टिक बैग में रखकर अलमारी में रखें, सिर्फ उन कपड़ों को ही हैंगर में टांग कर रखें जो प्रेस किए हुए हैं. बिना वजह के सारे हैंगर कपड़ों से न भरते जाएं.
- सर्दी के कपड़ों को अखबार में लपेटकर अच्छी तरह रखें और कोशिश करें की महीने में एक बार धूप जरूर दिखाएं.
- लकड़ी की अलमारियों को दिन में थोड़ी देर के लिए खुला छोड़ दें, जिससे इसमें हवा जाएगी तो कपड़ों में महक नहीं आएगी.
- कपड़ों में बदबू को रोकने के लिए आप नेप्थलीन बॉल की गोलियां भी इस्तेमाल कर सकती हैं.
- इस बात को सुनिश्चित करें कि आपके ऑफ सीजन कपड़े फंगस, नमी और सीलन से पूरी तरह से सुरक्षित हैं. बेहतर होगा कि अपनी अलमारी में एंटी-फंगल टैबलेट का प्रयोग करें.
- अलमारी खोलते ही सारे कपड़े और रखा सामान आपके ऊपर न गिरे, इसके लिए सबसे पहले अपनी अलमारी में रखे जाने वाले सामान की सूची बना लें. यदि जगह और अलमारियों की कमी हो तो अपने कपड़ों की अलमारी में चादर वगैरह न रखें. ड्रावर में लिंगरी और मोजे रखें.
- अगर आप अपनी अलमारी में पर्स, पर्फ्यूम, क्रीम, जेल, लोशन, फेसवॉश और स्क्रब रखती हैं तो इसके लिए आप वॉर्डरोब में दिए कुछ अन्य छोटे खानों का इस्तेमाल करें. घड़ी, ज्वेलरी आदि रखने के लिए एक छोटी ड्रावर का इस्तेमाल किया जा सकता है.
- अलमारी के निचले हिस्से में जूतों को भी जगह दे सकते हैं. जिन जूतों का प्रयोग आप कम करती हैं उन्हें डिब्बा बंद करके पीछे की साइड लगा दें. रोजाना प्रयोग में आने वाले जूतों को आगे की ओर रखें.



---

भविष्य के लिए इतनी बचत की जाए कि कमाई बहुत न हो तो भी पैसों की दिक्कत न हो. हमारे घर के खर्च आराम से चलते रहें. अगर अब आप भी ये सब करना चाहती हैं तो सबसे पहले कंजूस बन जाइए. कंजूस मतलब ऐसा कुछ कीजिए कि पैसे सिर्फ जरूरत के समय ही खर्च हों. जब तक चीज बहुत जरूरी न हो पैसे खर्च करने से बचें. आप वो सब करें, जो एक कंजूस करता है. उसकी जेब से पैसे निकालना ही बहुत बड़ा काम होता है. पर हां, कंजूसी भी ऐसी हो कि परिवार पर इसका बहुत असर न पड़े और न ही जरूरतों पर. फिर इसके बाद भी आप कंजूस बनें और पैसे बचा लें तो बात है.

# कंजूस बनें, भविष्य सुरक्षित करें



- पहले बच्चों के साथ बाजार जाती थीं तो बच्चे की जिद पर 1 नहीं दो नहीं कई चॉकलेट दिला देती थीं. ताकि वो खुश हो जाए. लेकिन ऐसा मत कीजिए चॉकलेट कोई हेल्दी चीज नहीं है, इससे बच्चे के स्वास्थ्य को कोई फायदा नहीं होगा बल्कि नुकसान अलग से होगा. इसके साथ आपके पैसे एक तरह से बर्बाद ही हो जाएंगे.
- ऑनलाइन शॉपिंग के समय जरूरत के सामान के साथ कुछ और भी खरीद लेने की आदत को बदल लीजिए. जब लगे कि अरे ये भी तो खरीदना था तब आप शॉपिंग एप बंद कर दें लेकिन जरूरत से ज्यादा कुछ न खरीदने का प्रण ले लें.
- सब्जियों के साथ अक्सर ऐसा होता है कि हफ्ते भर कि सब्जी ले तो लेते हैं, लेकिन न बना पाने के चलते वो खराब हो जाती हैं. ऐसे में हर दिन ताजी सब्जी ही खरीदें इससे पैसे की बर्बादी नहीं होगी.
- जरूरत और लक्जरी के बीच आपको अंतर भी समझना होगा. इस वक्त सिर्फ जरूरत पूरी करने की कोशिशें करें, 'मैं तो सिर्फ ये वाला ब्रांड इस्तेमाल करती' वाली आदतें आपको छोड़नी होंगी.
- अगर आप बहुत जरूरत होने पर ही बाहर निकल रही हैं तो बहुत सारे खर्चे तो ऐसे ही बच जाते हैं. इन खर्चों को ऑनलाइन शॉपिंग करके ना बढ़ाएं. ऑनलाइन शॉपिंग एक सुविधा है, जिसका इस्तेमाल जरूरत के समय ही करें.
- सेल का चक्कर जेब पर अक्सर भारी पड़ता है. इसलिए आर्थिक मंदी के इस दौर में सेल पर ध्यान तब ही दें, जब आप सच में कुछ खरीदने वाली हों, लेकिन तब भी सेल को परखें जरूर.



# कंगना रनौत और प्रियंका चोपड़ा के वकील रिजवान सिद्दीकी, रोज़लिन खान से हारे



**हिन्द समर्थन ब्यूरो**

रिजवान सिद्दीकी, जिन्होंने कंगना रनौत को ऋतिक रोशन के साथ हुए विवाद में कंगना को,और अलग क़ानूनी मामले में प्रियंका चोपड़ा को भी रिप्रेजेंट किया था, अब एक लंबे चले केस के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।2018 में, सिद्दीकी को ठाणे क्राइम ब्रांच ने एक प्राइवेट जासूस के जरिए कथित तौर पर कॉल डेटा रिकॉर्ड (CDRs) निकालने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी का नाम भी शामिल था। हालांकि उन्हें मुंबई की अदालत ने छोड़ दिया था, लेकिन अधिकारियों ने उनके खिलाफ सबूत होने की बात कही थी।अब, अभिनेत्री और कैंसर सर्वाइवर रोज़लिन खान उर्फ रेहाना खान द्वारा शुरू की गई लगभग एक दशक लंबी लड़ाई के बाद, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पेशेवर दुराचार के आधार पर सिद्दीकी का वकालत करने का लाइसेंस दो साल के लिए निलंबित कर दिया है। यह मामला, जो मूल रूप से महाराष्ट्र में लंबित था, अंतिम निर्णय के लिए राष्ट्रीय न्याय संस्था को स्थानांतरित कर दिया गया था।फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, रोज़लिन खान ने कहा, ₹यह राहत सालों के उत्पीड़न, कलंक और शक्तिशाली लॉबी के दबाव के बाद मिली है। न्याय मांगने के लिए मुझे 'विवादास्पद' करार दिया गया। अपराध को हल करने के बजाय, सिस्टम ने मेरे चरित्र को ही बदनाम करने की कोशिश की। यह फैसला सिर्फ मेरी जीत नहीं है, बल्कि यह महाराष्ट्र में गहराई तक फैली हुई अन्याय को उजागर करता है और हर उस महिला को आवाज़ देता है जिसे शक्ति और हेरफेर से चुप कराया गया है।₹उन्होंने आगे कहा, ₹मेरे 11 साल के दर्द की तुलना में दो साल का निलंबन पर्याप्त नहीं है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाऊंगी - यह तो बस शुरुआत है। मैं उन लोगों के लिए एक करारा तमाचा हूं जिन्होंने हेरफेर से मुझे हराने की कोशिश की। उन्होंने मुझे एक आपराधिक केस हरवा दिया, लेकिन बिना लॉ की डिग्री के मैंने एक वकील की डिग्री छीन ली है। अब, मैं इस लॉबी के खिलाफ कई लड़ाई जीतने के लिए यहां हूं। रोज़लिन खान ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सामने अपना केस खुद पेश (लड़ा) किया और जीत लिया।

# "ग्लैमर के पीछे हर एक्टर का संघर्ष भी होता है: शिवांगी वर्मा"



**दानिश खान**

अभिनेत्री शिवांगी वर्मा, जो छोटी सरदारनी, तेरा इश्क़ मेरा फ़ितूर जैसे सीरियल और हाल ही में बैडास रवि कुमार में नजर आईं, मानती हैं कि मुंबई सचमुच सपनों का शहर है, लेकिन साथ ही यह हर इंसान की परीक्षा भी लेता है।अपनी ज़िंदगी और आम मुंबईकर की ज़िंदगी की तुलना करते हुए वह कहती हैं, "मेरे लिए मुंबई प्रेरणा भी है और चुनौती भी। मैं हर दिन अपने सपनों के पीछे भागती हूं, लेकिन मुझे पता है कि यहां हर इंसान किसी न किसी तरह अपने सपनों के लिए संघर्ष कर रहा है। फर्क सिर्फ रास्तों का है, संघर्ष सबके लिए है।"जब उनसे पूछा गया कि क्या कभी उन्हें लगता है कि वे आम लोगों की मुश्किलों से कटी हुई हैं, तो शिवांगी ने साफ़ कहा, "नहीं, बिल्कुल नहीं। मैं भी ट्रैवल करती हूं, ट्रैफिक झेलती हूं और जानती हूं कि महंगाई लोगों की ज़िंदगी को कैसे प्रभावित करती है। ये सब मेरी ज़िंदगी का हिस्सा भी हैं। एक्टर होने का मतलब ये नहीं कि मैं असलियत से दूर हूं।"वह आगे कहती हैं कि उन्हें शहर के लोगों की मेहनत और जज़्बे से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। "सेलेब्रिटी के पास एक आवाज़ होती है जो दूर तक जाती है। हम अपने प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करके असली समस्याओं पर बात कर सकते हैं और लोगों को हिम्मत दे सकते हैं कि हार न मानें। छोटी-सी पहल भी फर्क ला सकती है।"मीडिया के ग्लैमर दिखाने पर वह कहती हैं, "मैं समझती हूं कि लोग ऐसा क्यों सोचते हैं। मीडिया ज़्यादातर चमक-दमक दिखाता है, लेकिन सच ये है कि हर एक्टर को भी रिजेक्शन, संघर्ष और मुश्किल दिनों का सामना करना पड़ता है।"अपने सफर को याद करते हुए वह बताती हैं, "एक्टर बनने से पहले मैंने भी ऑडिशन, सफर और शहर में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष किया। आज भी मैं वही ट्रैफिक और महंगाई झेलती हूं, जो बाकी सब लोग झेलते हैं।"शिवांगी मानती हैं कि मुंबई उनकी सबसे बड़ी गुरु रही है। "इस शहर ने मुझे सब्र करना सिखाया है, मज़बूत रहना सिखाया है और कभी हार न मानना सिखाया है। अगर मुझे मौका मिले, तो मैं ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट की दिक्कतों पर ज़्यादा ध्यान दिलाना चाहूंगी, क्योंकि ये हर एक इंसान को प्रभावित करती हैं," वह कहती हैं।

## शिल्पा शेट्टी का 'बास्टियन' अब नए अंदाज़ में बांद्रा बनेगा 'अम्माकाई'


# जुहू में खुलेगा 'बास्टियन बीच क्लब'

**हिन्द समर्थन ब्यूरो**

शिल्पा शेट्टी का बास्टियन अपनी विरासत बनाने के बाद अब थमने वाला नहीं है! यह ब्रांड अब एक नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। हाल ही में, बास्टियन मुंबई के सोशल मीडिया पेज पर आधिकारिक घोषणा की गई, जिसमें बताया गया कि बास्टियन अब परिवर्तित होकर बांद्रा में अम्माकाई नामक साउथ इंडियन रेस्टोरेंट बनेगा और साथ ही यह जुहू में बास्टियन बीच क्लब के रूप में भी विस्तार करेगा, जो अक्टूबर के मध्य से शुरू होगा।स्टेटमेंट में लिखा गया:"जब आप 'अफवाहों के चक्की' में मेहनत कर रहे हैं, आज बास्टियन में हम परोस रहे हैं 'सच्ची चाय।' बांद्रा हमारी शुरुआत थी, और जबकि वह अध्याय बंद हो रहा है, दो नई कहानियाँ लिखे जाने का इंतज़ार कर रही हैं। ब्रांड अब एक नए युग में कदम रख रहा है। बास्टियन बांद्रा, वह फ्लैगशिप जिसने सब शुरू किया था, अब अलविदा कहेगा, लेकिन ब्रांड अपने पाक-सफर में नए रोमांचक अध्यायों की ओर देख रहा है।"आगे कहा गया:"अक्टूबर के मध्य से, प्रतिष्ठित बांद्रा स्पेस अम्माकाई में तब्दील हो जाएगा, जो एक स्पेशलिटी साउथ इंडियन रेस्टोरेंट होगा। अम्माकाई का अर्थ है 'माँ का हाथ', जो अपनापन, गर्माहट और प्रामाणिकता को दर्शाता है। अम्माकाई दक्षिण भारतीय पाक परंपराओं की गहराई, विरासत में मिली रेसिपीज़ और क्षेत्रीय स्वादों को सम्मानित करता है, जिन्हें बास्टियन के बेहतरीन सर्विस और क्वालिटी के साथ जीवंत किया जाएगा।"इसके साथ ही, बास्टियन अपनी जीवंत ऊर्जा को जुहू के किनारों तक बास्टियन बीच क्लब के रूप में ले जाएगा। यह नया कोस्टल डेस्टिनेशन ब्रांड की सिग्नेचर ऊर्जा, आनंद और उत्सव को संजोएगा। "बांद्रा वह जगह थी जहाँ से बास्टियन की यात्रा शुरू हुई थी, और वह हमेशा हमारे करीब रहेगी। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें सही लगता है कि साउथ इंडियन व्यंजनों की गहराई को अम्माकाई के माध्यम से सम्मान दें और साथ ही जुहू में बास्टियन की ऊर्जा और आनंद को एक नए तरीके से लेकर आएं। हम एक अध्याय बंद कर रहे हैं, लेकिन दो नई कहानियाँ लिखे जाने का इंतज़ार कर रही हैं, और हम बेसब्री से आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं।"यह घोषणा उन सभी अफवाहों को भी खारिज करती है जिनमें कहा जा रहा था कि बास्टियन किसी वित्तीय गड़बड़ी के चलते बंद हो रहा है। असल में यह आगे बढ़ने का एक कदम है, जहाँ एक बार फिर शिल्पा शेट्टी सबसे आगे हैं।



# सुम्बुल तौकीर: "पहले मुझे अपने रंग के कारण कई दिक्कतें झेलनी पड़ीं"



**दानिश खान**

हाल ही में वायरल हुए एक पॉडकास्ट में, जब अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर अपने नए शो इत्ती सी खुशी का प्रमोशन कर रही थीं, उन्होंने अपने रंग को लेकर हुए भेदभाव के बारे में खुलकर बात की। सुम्बुल ने कहा कि एक समय था जब काम सिर्फ रंग देखकर दिया या छीना जाता था।वह बताती हैं, "पहले मुझे अपने स्किन कलर की वजह से बहुत दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। अब यह चीज़ें काफी हद तक बदल गई हैं और मैं इसके लिए आभारी हूं। लेकिन फिर भी कुछ जगह आज भी लोगों को उनके रंग के हिसाब से जज किया जाता है और काम नहीं दिया जाता। हालांकि ऐसा हर जगह नहीं होता।"इत्ती सी खुशी में सुम्बुल अन्विता दिवेकर का किरदार निभा रही हैं। अन्विता एक मजबूत, संवेदनशील और जिम्मेदार लड़की है, जो मां के जल्दी चले जाने और पिता के शराबी होने के बाद अपने छोटे भाई-बहनों की देखभाल करती है।सुम्बुल कहती हैं, "जब मैंने शो पहली बार सुना तो थोड़ा रिलेट कर पाई। उस समय मैं अपनी बहन के साथ रहती थी, मैं 15-16 साल की थी और इमली कर रही थी। उसकी पढ़ाई और खाने-पीने की जिम्मेदारी मैं उठाती थी। काम और घर दोनों संभालना पड़ता था। इसलिए मुझे अन्विता के किरदार से थोड़ा कनेक्शन लगा।"वह आगे बताती हैं कि कम उम्र में काम शुरू करने के बावजूद उन्होंने अपनी ज़िंदगी भी जी। "मैंने बहुत एंजॉय किया है। मैं 16-17 घंटे काम करती थी, लेकिन पैकअप के बाद भी दोस्तों और बहन के साथ घूमने निकल जाती थी। हां, कॉलेज लाइफ थोड़ी मिस की, लेकिन उतनी भी नहीं," सुम्बुल मुस्कुराते हुए कहती हैं।शो के बारे में वह कहती हैं कि यह असलियत दिखाता है कि कोई भी इंसान परफेक्ट नहीं होता। "हर किसी में कमियां होती हैं, लेकिन टीवी पर अक्सर किरदारों को आदर्श रूप में दिखाया जाता है। इस शो में हर किरदार अलग है और अपनी-अपनी कमजोरियों के साथ जी रहा है। ये सब मिसफिट्स हैं, लेकिन साथ मिलकर ज़िंदगी जी रहे हैं।"



कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभा रहीं दीपिका सिंह कहती हैं," "शिक्षक दिवस मुझे याद दिलाता है कि सीख अक्सर सबसे अप्रत्याशित जगहों से आती है। लेकिन मेरे लिए, सीखने का सफ़र अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा किए बिना अधूरा लगता है, जो हमारे सबसे पहले शिक्षक होते हैं।

# कलर्स के सितारे अपने करियर को आकार देने वाले गुरुओं से मिले अनमोल सबक साझा करते हैं

**दानिश खान**

वे हमें मूल्य, अनुशासन और एक नज़रिया सिखाते हैं जिससे हम दुनिया को देखते हैं। मैं आज जो भी हूँ, उसे आकार देने के लिए अपने स्कूल के शिक्षकों और अपने संयुक्त परिवार की बहुत आभारी हूँ। अपने पिता से मुझे 'कभी हार न मानने' की भावना विरासत में मिली है, और अपने पति रोहित से मैंने हर संवाद को महसूस करने की कला सीखी है। इन सीखों ने मुझे मंगल लक्ष्मी के अपने किरदार में सच्चाई और संवेदनशीलता लाने में मदद की है। मेरे सबसे बड़े शिक्षक हमेशा मेरे माता-पिता और परिवार रहे हैं। आज, मेरा बेटा सोहम भी मुझे धैर्य और दृढ़ संकल्प सिखाता है। वास्तव में, मेरे आस-पास के सभी लोग, अपने शब्दों, कार्यों या अपनी उपस्थिति से, मेरी सीख में कुछ न कुछ जोड़ते हैं, और इसके लिए मैं आभारी हूँ।

# जयदीप डाबगर का पहला टीवी डेब्यू 'कामधेनु गौमाता' में राजकुमार के रूप में



**दानिश खान**

युवा और जोशीले अभिनेता जयदीप डाबगर ने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने स्टार भारत के धारावाहिक कामधेनु गौमाता में राजकुमार के किरदार से टीवी जगत में डेब्यू किया है। इस शो को प्रेम सागर और शिव सागर की रचनात्मक दृष्टि का आशीर्वाद प्राप्त है, जिसकी जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं और अध्यात्म से जुड़ी हैं।अपनी खुशी जाहिर करते हुए जयदीप ने कहा, "मैं इस अवसर के लिए बेहद आभारी हूं। खासतौर पर प्रेम सागर सर और शिव सागर सर का जिन्होंने मुझे मार्गदर्शन, सहयोग और सम्मान दिया। जब मुझे पता चला कि मैं ऑडिशन में सेलेक्ट हो गया हूं, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसा लगा मानो पहली बारिश में मेढक नाच रहा हो।"कृष्ण भक्त जयदीप ने यह भी साझा किया कि यह खबर सुनते ही उन्होंने सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, "मैंने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की और उनका धन्यवाद किया क्योंकि यह अविश्वसनीय लगता है कि मुझे ऐसे शो का हिस्सा बनने का मौका मिला, जिसकी आध्यात्मिक महत्ता इतनी गहरी है। हम सब जानते हैं कि हिंदू धर्मग्रंथों में गौमाता को पवित्र माना गया है और इस कथा का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य है। मैं नियमित रूप से भगवद्गीता पढ़ता हूं और यह मुझे जीवन और करियर दोनों में प्रेरित करती है।"जयदीप ने अपने किरदार की तैयारी के बारे में भी बताया। "मैं लंबे समय से अपनी फिटनेस पर काम कर रहा हूं, जो राजकुमार जैसे व्यक्तित्व को निभाने में बहुत मदद करती है। आमतौर पर शूट के लिए तैयार होने में मुझे ढाई से तीन घंटे लगते हैं, लेकिन मुझे इस पूरी प्रक्रिया का हर पल आनंद आता है।"यह युवा अभिनेता समर्पण और निष्ठा के साथ इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# के-शो से कॉकटेल तक: मिलर हाउस में निवेदिता बसु की नई पटकथा का अनावरण

**हिन्द समर्थन ब्यूरो**



दो दशकों से भी ज़्यादा समय से, निवेदिता बसु भारतीय मनोरंजन जगत की सबसे शक्तिशाली रचनात्मक शक्तियों में से एक के रूप में राज कर रही हैं। उनका नाम भारतीय टेलीविज़न के स्वर्णिम युग, के-शो युग का पर्याय बन गया।जहाँ उन्होंने 100 से ज़्यादा डेली सोप का निर्देशन और रचनात्मक रूप से निर्माण किया, जो भारत के सांस्कृतिक डीएनए का हिस्सा बन गए।क्योंकि सास भी कभी बहू थी और कहानी घर-घर की से लेकर कसौटी ज़िंदगी की, कुसुम और कुटुम्ब तक, बसु बालाजी टेलीफ़िल्म्स के कहानी कहने के साम्राज्य के केंद्र में थीं, और उन्होंने एक ऐसे युग की पटकथा लिखी जहाँ हर बैठकखाना भावनाओं, नाटक और जुड़ाव का रंगमंच बन गया।लेकिन जिस तरह एक समय टेलीविज़न जगत पर उनका दबदबा था, उसी तरह निवेदिता भी विकसित हुईं। जैसे-जैसे दर्शक प्राइम-टाइम टेलीविज़न से डिजिटल की ओर बढ़े, वह इस क्षेत्र में सबसे आगे निकलने वालों में से एक थीं। उन्होंने भारत के पहले बोल्ड ओटीटी प्लेटफॉर्म, उल्लू को आकार देने में अहम भूमिका निभाई और बाद में अतरंगी टीवी और अतरंगी ओटीटी लॉन्च करके मनोरंजन जगत को एक नई पहचान दी, जिसमें क्रांतिकारी कहानियां शामिल थीं। हमेशा परंपराओं को चुनौती देने वाली, उन्होंने भारत का पहला भक्ति ऐप, हरि ओम भी बनाया और अपनी रचनात्मक दुनिया को आध्यात्मिक और भक्तिमय क्षेत्र तक फैलाया।और फिर, वह सुर्खियों से बाहर हो गईं। लेकिन एक्शन से बाहर नहीं।निवेदिता याद करती हैं, ₹लोग अक्सर पूछते थे कि मैं कहाँ गायब हो गई थी।₹ ₹सच तो यह है कि मैं गायब नहीं हुई थी। मैं खुद को नया रूप दे रही थी।₹यह नया रूप अब मुंबई के एक प्रमुख बार-कम-रेस्टोरेंट, मिलर हाउस में जीवंत और मूर्त रूप ले चुका है, जिसे उनके पुराने दोस्त और पार्टनर उदयन शाह ने मिलकर बनाया है। रेट्रो-चिक आकर्षण से सजे मिलर हाउस एक पाक-कला स्थल से कहीं बढ़कर है। यह एक अनुभव है। एक जीवंत केंद्र जो नृत्य, संगीत, ओपन-माइक नाइट्स, भोजन और कॉकटेल को एक और भी गहन चीज़ के साथ जोड़ता है: समुदाय।₹निवेदिता बसु, मेरे नाम के साथ, मैं सिर्फ़ एक रेस्टोरेंट नहीं खोल सकती थी,₹ वह कहती हैं। ₹मेरा विचार हमेशा से बड़ा था - एक सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना। मिलर हाउस एक ऐसी जगह है जहाँ मीडिया, कला और आतिथ्य का सहज मेल होता है। यह वह जगह है जहाँ पाँच साल का बच्चा एक रचनात्मक कार्यशाला में भाग ले सकता है और अस्सी साल का बुज़ुर्ग एक कहानी-सभा में ज्ञान साझा कर सकता है। मैं इसे एक सदस्यता-संचालित सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होते हुए देखना चाहती हूँ, एक ऐसी जगह जहाँ हमेशा कुछ न कुछ खोजने, अनुभव करने और सबसे महत्वपूर्ण - सुनाने के लिए होता है। मिलर में, हमेशा एक कहानी होगी जिसे सुनाया जा सके, न कि सिर्फ़ खाने के लिए खाना।₹भारतीय टेलीविज़न को नई परिभाषा देने वाले डेली सोप का निर्देशन करने से लेकर शहरी संस्कृति को नया रूप देने वाली डाइनिंग स्टोरीज़ को क्यूरेट करने तक, निवेदिता ने एक बार फिर खुद को नए आविष्कार की पटकथा में ढाल लिया है।और वह रुकने वाली नहीं हैं। उनके विज़न बोर्ड में पहले से ही पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग, स्थिरता-केंद्रित समारोहों और बिल्कुल नए उद्यमों से जुड़ी पहल शामिल हैं जो रचनात्मकता, संस्कृति और समुदाय के बीच की रेखाओं को और धुंधला कर देती हैं।₹मिलर हाउस तो बस शुरुआत है,₹ निवेदिता अपने विशिष्ट आत्मविश्वास के साथ संकेत देती हैं।

# "मुंबई ने बनाया मुझे मज़बूत और सपने देखना सिखाया : सूरज बेरी"

**दानिश खान**

मुंबई को हमेशा ₹सपनों का शहर₹ कहा जाता है। लेकिन अभिनेता सूरज बेरी — जो कि मशहूर अभिनेता सुदेश बेरी के बेटे हैं — के लिए यह शहर सिर्फ सपनों का नहीं, बल्कि संघर्ष, जज़्बा और चुपचाप सहने की ताक़त का भी शहर है। एक बातचीत में सूरज ने बताया कि मुंबई कैसे यहां रहने वाले हर इंसान को गढ़ती है, चाहे वह अभिनेता हो या आम इंसान।सूरज कहते हैं, "एक्टर के लिए मुंबई मौका है, पहचान है और स्टार बनने का सपना है। लेकिन एक आम मुंबईकर का सपना छोटा और सीधा होता है — अपना छोटा सा घर, बच्चों की पढ़ाई और परिवार की आर्थिक सुरक्षा। जहां एक्टर्स ऑडिशन, रिजेक्शन और अनिश्चित कमाई से जूझते हैं, वहीं आम लोग भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों, ट्रैफिक, बढ़ते किराए और नौकरी की असुरक्षा से जूझते हैं।"उनके अनुसार दोनों दुनियाओं में फर्क जरूर दिखता है, लेकिन असलियत में दोनों के संघर्ष बहुत मिलते-जुलते हैं। "ट्रैफिक किसी को नहीं छोड़ता — चाहे कोई ट्रेन के दरवाज़े पर लटका हो या फिर किसी बड़ी गाड़ी में बैठा स्टार। बढ़ती महंगाई सब पर असर डालती है। फर्क बस इतना है कि कुछ लोग थोड़े सुरक्षित हैं। आखिर में, हर कोई अपने-अपने ढंग से जीने और टिके रहने की जद्दोजहद करता है," सूरज कहते हैं।सूरज मानते हैं कि कलाकारों पर यह ज़िम्मेदारी है कि वे अपनी पहचान और प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करके ग्लैमर और



असल ज़िंदगी के बीच की दूरी को कम करें। "मीडिया अक्सर सिर्फ रेड कार्पेट, आलीशान घर और छुट्टियों को दिखाता है। लेकिन स्टार बनने के पीछे सालों की मेहनत और रिजेक्शन छिपा होता है। इसी तरह, चमकते आसमान के पीछे आम लोगों की मेहनत है, जो इस शहर को जिंदा रखते हैं। उनके संघर्ष और उनकी जीत को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए," वे कहते हैंमुंबई को वह अपनी सबसे बड़ी गुरु मानते हैं। "इस शहर ने मुझे सिखाया है — धैर्य रखना, लाइन में खड़े रहना, ट्रैफिक झेलना और ऑडिशन रूम में इंतज़ार करना। इसने मुझे गिरकर उठना और आगे बढ़ते रहना सिखाया। सबसे बड़ी बात, इसने मुझे उम्मीद दी है — कि कल आज से बेहतर हो सकता है," सूरज बताते हैं।अगर उन्हें किसी एक बड़ी समस्या पर ध्यान देने का मौका मिले तो वे घर और बढ़ती महंगाई को चुनेंगे। "यह शहर पूरे देश से सपने देखने वालों को खींचता है, लेकिन कई लोग सपने छोड़ देते हैं, क्योंकि यहां रहना ही बहुत महंगा है। मैं अपनी कहानियों और काम से इन सच्चाइयों को सामने लाना चाहता हूं — चॉल्स, दूर-दराज़ के इलाके और रोज़ की मेहनत। ताकि मुंबई सिर्फ सपनों का शहर ही न रहे, बल्कि ऐसा शहर बने जहां वे सपने सच भी हो सकें," वे कहते हैं।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक उजमा शकील खान द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. ४, ग्राऊंड फ्लोर, उद्योग भवन, एन. के. इंडस्टीयल इस्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के पास, गेट नं. २, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई ६३. महाराष्ट्र से छपवाकर जी-सेक्टर, जी-२ लेन, रूम नं. १०, ट्रॉम्बे चीता कैम्प, मुंबई ४०० ०८८. महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. (मोबा. ९०८२४१७३१४) संपादक: उजमा शकील खान

Published & Owned by Mrs. Uzma Shakil Khan Printed at Somani Printing Press, Unit No. 4, Ground Floor, N. K. Industrial Eastate, Off. Aarey Road, Near Pravasi Industrial Estate, Gate No 2, Goregaon (East), Mumbai - 400 063. Published at G- Sector, G-2 Lane, Room No. 10. Trombay Cheetacamp, Mumbai-400088. Editor - Mrs. Uzma Shakil Khan ✦ साशा

Office Address: D/wing shop no D/69 Shanti shopping center opp Mira road station. Pin no. 401107